● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 182, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 12 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



लोकसभा में नये सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम 5

चोट के साथ ओलंपिक में खेले नीरज चौपड़ा 6

## पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जाएगा : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय महिलाएं प्रारंभ से शौर्य और पराक्रम का महत्वपूर्ण उदाहरण रही हैं। भारत का इतिहास महिलाओं के साहस से भरा हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते दौर में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस क्रम में भारत की संसद और विधानसभा में एक तिहाई स्थान पर महिलाओं के निर्वाचन के प्रावधान के प्रयास ऐतिहासिक होंगे। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले दो-तीन वर्ष में देश में महिला कल्याण और महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के रवीन्द्र




भवन में उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित छात्राओं के संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का पिछले 500 वर्ष का इतिहास देखें तो वह महिलाओं के गौरव और शौर्य से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का 500वां वर्ष चल रहा है। आज की युवा पीढ़ी को उनके शौर्य के बारे में जानकारी होना चाहिए। मध्यप्रदेश की बेटी रानी दुर्गावती ने अपने शासन काल में 51 लड़ाईयां लड़ीं। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना को पूरी वीरता के साथ तीन बार पराजित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झांसी की रानी की वीरता का भी उल्लेख किया। उन्होंने देवी अहिल्या बाई के शासन व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि देवी अहिल्या बाई ने अपने कार्यकाल में देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों सोमनाथ, उज्जैन, बनारस में विशाल मंदिरों का निर्माण कराया। उनकी धर्म के प्रति सच्ची निष्ठा को पूरे सम्मान के साथ याद किया जाता है।

प्रदेश की बेटियों की प्रतिभा की चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्रतिभाशाली बेटियों ने देश और दुनियां में मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है। राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्राओं से आग्रह किया की वे देश की महान महिला विभूतियों से प्रेरणा लें। उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। भारतीय संस्कृति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति को दुनिया में श्रेष्ठ संस्कृति के रूप में पहचाना जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मौके पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना में 19 लाख छात्राओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि अंतरित की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों और महाविद्यालय की छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और उनके उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है। यह योजना स्कूल शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित हो रही है।

## पीएम ने जारी किए 109 किस्मों के बीज

### कहा- लोग जैविक फूड की ओर बढ़ रहे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (11 अगस्त) को दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में ज्यादा उपज देने वाली 61 फसलों की 109 किस्में जारी कीं। इनमें 34 फसलें बाजरा, पशु चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य की हैं। वहीं, 27 बागवानी फसलें हैं, जिनमें फल, सब्जी, मसाले, फूल और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में शामिल हैं।



इस दौरान पीएम ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। पीएम ने नैचुरल खेती के फायदों और जैविक खेती में आम लोगों के बढ़ते विश्वास के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोगों ने जैविक फूड आइटम्स का उपभोग और मांग करना शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के बारे में किसानों को बताना चाहिए। वहीं, किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बहुत फायदेमंद होंगी। इससे खर्च कम होगा और एन्वायर्नमेंट पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन पर दावा किया कि भाजपा शासन में किसानों की आत्महत्याएं दोगुनी हो गई हैं। वे महाराष्ट्र के सोलापुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। पवार ने दावा किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और वे कर्ज में डूबे हुए हैं। इसके लिए कर्ज माफ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मैं कृषि मंत्रालय संभाल रहा था तब ऐसा किया गया था।

पवार ने कहा- समय की मांग है कि राज्य में सरकार बदली जाए और ऐसी सरकार बनाई जाए जो किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों की रक्षा करे। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने किसानों की मुश्किलें कम करने और युवाओं को रोजगार देने में अपनी शक्ति का इस्तेमाल नहीं किया है।

## गुना में एविएशन एकेडमी का टू सीटर प्लेन क्रैश

### दोनों पायलट घायल, इंजन फेल होने से हादसे की आशंका

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में एयर स्ट्रिप पर टू सीटर प्लेन क्रैश हो गया। दुर्घटनाग्रस्त प्लेन एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट का बताया जा रहा है, हादसे में दो पायलट घायल हुए हैं। हादसे की सूचना पर कैंट पुलिस समेत अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। इंजन के फेल होने के कारण हादसा की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कर्नाटक के बेलगावी एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट के एयरक्राफ्ट 152 ने रविवार दोपहर करीब एक बजे



टेस्टिंग के लिए उड़ान भरी थी। कैप्टन वी चंद्र ठाकुर और पायलट नागेश कुमार करीब 40 मिनट तक एयरक्राफ्ट को उड़ाते रहे, लेकिन फिर वह एयर स्ट्रिप पर क्रैश हो गया। हादसे में दोनों पायलट घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बेलगावी एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट के एयरक्राफ्ट 152 को टेस्टिंग और मेंटेनेंस के लिए गुना की शा-शिब एकेडमी में लाया गया था। इसकी टेस्टिंग के लिए पायलट वी चंद्र ठाकुर और नागेश कुमार को हैदराबाद से बुलाया गया था। दोनों बीते दिन 10 अगस्त को गुना पहुंचे थे। आज रविवार को टेस्टिंग के लिए एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी, लेकिन 40 मिनट बाद वह क्रैश हो गया।

## उद्धव ठाकरे की कार पर एमएनएस कार्यकर्ताओं ने गोबर फेंका

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में शनिवार शाम को एमएनएस कार्यकर्ताओं ने शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे के काफिले पर गोबर, चूड़ियां, नारियल और टमाटर फेंके। इसके बाद दोनों के समर्थक आपस में भिड़ गए। पुलिस ने 20 से ज्यादा एमएनएस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। ठाकरे यहां गडकरी हॉल में पार्टी के कार्यक्रम में पहुंचे थे। एमएनएस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि 9 अगस्त को बीड में राज ठाकरे के काफिले पर शिवसेना समर्थकों ने सुपारी और टमाटर फेंके थे।

## इनोवा कार खड्ड के तेज बहाव में बही, नौ लोगों की मौत

**मैहतपुर ( ऊना )।** हिमाचल प्रदेश से लगते पंजाब के जेजों गांव में रविवार सुबह करीब 10 बजे एक इनोवा कार खड्ड के तेज बहाव में बह गई। इससे कार में सवार ऊना के नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। एक अन्य हादसे में भारी बारिश के चलते ऊना के टाहलीवाल में बाथड़ी खड्ड में दो बहनों समेत तीन बच्चियों की बहने से मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। उधर, भारी बारिश के बीच किन्नौर के पूह के काह में बादल फटने से नेशनल हाईवे-5 बाधित हो गया। इससे किन्नौर का




संपर्क स्पीति से कट गया। वहीं, सिरमौर में एक मंदिर खड्ड में बह गया। भारी बारिश के चलते ऊना शहर में जलभराव हो गया। जानकारी के अनुसार ऊना के लोअर देहलां गांव के सुरजीत सिंह (55) को पंजाब के जेजों के मेहरोवाल गांव में रिश्तेदार के यहां शादी थी। समारोह में सुरजीत, पत्नी परमजीत कौर, बेटा गगनदीप (19), दीपक (22), भाई रामस्वरूप, पत्नी पलविंद्र कौर, बेटा नितिन, भटोली गांव निवासी उनकी साली शीनू देवी पत्नी अमरीक सिंह, उनका बेटा हर्षित, बेटी भावना तथा मन्नत वाहन में जा रहे थे। उन्होंने देहलां निवासी कुलविंद्र कुमार की गाड़ी किराये पर बुक की और सुबह समारोह के लिए निकले। दुलैहड़ क्षेत्र पार करने के बाद जब वे जेजों पहुंचे तो खड्ड उफान पर थी। पहले उन्होंने वहां रुककर इंतजार करने की सोची, लेकिन कुछ वाहन जाने लगे तो उन्होंने भी वहां से आगे बढ़ने की सोची। गाड़ी अभी पानी में कुछ दूर ही आगे बढ़ी थी कि पानी ने कार को चपेट में ले लिया।

## अनंतनाग के बाद किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़, फायरिंग जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के बाद किश्तवाड़ में रविवार (11 अगस्त) को सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह किश्तवाड़ जिले के जंगल में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से कुछ देर के लिए फायरिंग हुई। सेना, पैरामिलिट्री फोर्सेज और पुलिस नौनट्टा, नागेनी पेयास और आसपास के इलाकों में ऑपरेशन चला रही है।

## मणिपुर के कांगपोकपी में बम ब्लास्ट

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार (10 अगस्त) को हुए बम ब्लास्ट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया घटना सैखुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के पास हुई।

हादसे में घायल पूर्व विधायक की पत्नी सापम चारूबाला की अस्पताल में मौत हो गई। बम किसने लगाया, इस बात का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, 9 अगस्त को टेंग्नौपाल जिले के मोलनोम इलाके में फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फायरिंग गांव के वॉलंटियर्स और उग्रवादी संगठन यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट के सदस्यों के बीच हुई थी। इसमें एक उग्रवादी और 3 वॉलंटियर्स मारे गए। घटना से गुस्साए लोगों ने चस्त्र के अध्यक्ष एसएस हाओकिप के घर में आग लगा दी। हालांकि अब स्थिति नियंत्रण में है। मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मणिपुर के जिरिबाम के लालपानी गांव में 2 अगस्त की रात हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। यह घटना जिरिबाम में शांति बहाल करने के लिए हुए समझौते के 24 घंटे के भीतर हुई। हमलावरों ने एक घर में आग लगा दी।

## उपचुनाव में सपा और कांग्रेस की सीटों को लेकर फिर फंसा पेंच

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में होने वाले 10 सीटों के उपचुनाव को लेकर एक बार फिर से गठबंधन में पेंच फंसने लगा है। दरअसल यह पेंच फंसा है सीटों के उस बंटवारे को लेकर, जिस पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भी अपना-अपना दावा ठोक रही हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हाल में ही इस उपचुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया था। इस दौरान चर्चा यही हुई थी कि उसकी दावेदारी उन पांच सीटों पर होगी, जहां एनडीए के प्रत्याशी थे। जबकि चर्चा इस बात की है कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस को दो से लेकर चार सीटें ही देने की तैयारी कर रही है। फिलहाल सीटों के इस पेंच को लेकर अब मामला दिल्ली दरबार तक पहुंच चुका है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा।

उप चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष भी अपनी पूरी फील्डिंग सजाने में लगा है। लेकिन इसी सियासी दांव पेंच में मामला एक बार फिर गठबंधन के समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच में फंसता हुआ दिख रहा है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस ने हाल में हुई बैठक के दौरान तय किया कि जिन पांच सीटों पर भाजपा या एनडीए के विधायक थे, वहां पर उसकी दावेदारी होगी। इसी दावेदारी को देखते हुए कांग्रेस ने प्रदेश के पदाधिकारियों समेत उन जिला अध्यक्षों को भी बुलाया था, जिसमें यह विधानसभा सीटें आती हैं। चर्चा इस बात पर हुई की जब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। तो इस विधानसभा के उपचुनाव में भी उसको मौका मिलना चाहिए। ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की अपनी ताकत का भी अंदाजा हो सके।

वहीं, समाजवादी पार्टी ने जिस तरीके से उपचुनाव की तैयारी की है, उसे देखते हुए इसका अंदाजा लग रहा है कि वह मजबूती से सभी 10 सीटों पर पूरी सियासी फील्डिंग सजा रही है। हालांकि समाजवादी पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि गठबंधन के लिहाज से सीटों के बंटवारे पर केंद्रीय नेतृत्व आपस में तय करेगा। लेकिन उनकी पार्टी सभी दसों सीटों पर एनडीए को हराने की रणनीति के साथ काम कर रही है। वह कहते हैं कि पार्टी के बड़े नेताओं के अनुसार जो तय होगा और जो सीटें कांग्रेस के हिस्से में आएंगी, उसमें उनकी पार्टी लोकसभा चुनावों की तरह ही मदद करेगी।

## सरकार ने अडाणी को बचाने की साजिश रची : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप की कंपनियों में एसईबीआई चीफ माधबी पुरी बुच की हिस्सेदारी के खुलासे के बाद राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार जांच के नाम पर अपने परम मित्र (अडाणी) को बचाने की साजिश रची है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, अडाणी महाघोटाले की जांच एसईबीआई को दी गई। अब खबर है कि एसईबीआई की चीफ माधवी बुच भी अडानी महाघोटाले में शामिल हैं। मतलब घोटाले की जांच करने वाला ही घोटाले में शामिल है। है ना कमाल की बात!

कांग्रेस ने कहा है कि इस महाघोटाले की सही जांच सिर्फ जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी से हो सकती है। हालांकि, मोदी सरकार जेपीसी बनाने को तैयार नहीं है। पीएम मोदी कब तक अडाणी को बचा पाएंगे, एक न एक दिन तो पकड़े जाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर एसईबीआई चीफ माधबी पुरी बुच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा- 2022 में एसईबीआई चीफ बनने के तुरंत बाद माधबी पुरी बुच ने गौतम अडाणी के साथ दो मीटिंग्स की।

## दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश से सड़कों पर पानी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार (11 अगस्त) की शाम 6 बजे दिल्ली में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया। यहां रविवार को भी भारी हुई। इस कारण कई इलाकों में पानी भर गया। सड़कों पर लंबा-लंबा जाम लग गया। पंजाब-हिमाचल के बॉर्डर वाले इलाके जेजो दोआबा में नदी पार करते समय इनोवा कार पानी में बह गई। इस घटना में 9 लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि 1 व्यक्ति का रेस्क्यू किया गया है। दो और लोग लापता हैं। सभी हिमाचल के रहने वाले हैं। इधर, हिमाचल प्रदेश में आज भी भारी बारिश का अलर्ट है। लैंडस्लाइड और बाढ़ के चलते राज्य की 288 सड़कें बंद हैं। धर्मशाला, ऊना में नदियां उफान पर हैं। पुलिस ने लाहौल-स्पीति के जाहलमान नाले को पार करने वक्त लोगों को अधिक सावधानी बरतने का कहा है।

## मध्य प्रदेश से तीन राज्यों में जाएंगे बाघ

भोपाल

देश के टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश से तीन राज्यों में बाघ जाएंगे। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की मंजूरी के बाद बाघों के स्थानांतरण का रास्ता साफ हो गया है। इसे बाघों के संरक्षण की बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा में कुछ बाघों के स्थानांतरण को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश में 2022 की बाघ गणना के अनुसार 785 बाघ हैं।

मध्य प्रदेश के वन्यजीव प्रमुख मुख्य संरक्षक (पीसीसीएफ) शुभरंजन सेन ने बताया कि एनटीसीए की तकनीकी समिति ने स्थानांतरण के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश सरकार ने तीन राज्यों में स्थानांतरित किए जाने वाले बाघों के स्थान को लेकर जानकारी मांगी है। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद बाघों के स्थानांतरण का काम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि तीनों राज्यों ने तीन-तीन बाघ और एक-एक बाघिन मांगे हैं।

बता दें अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा था कि प्रदेश के अभयारण्यों से बाघ दूसरे राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्यों और कुछ दूसरे राज्यों में स्थानांतरित किए जाएंगे। अब इसको लेकर एनटीसीए ने अभी अपनी मंजूरी दे दी है। वहीं, इस मामले पर वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने कहा कि बाघों के स्थानांतरण से जीन पूल में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बाघों को स्थानांतरित करने वाले आवास सुरक्षित होने की पूरी सावधानी बरतनी चाहिए।

## एम्स में शुरू होगा कैंसर अनुसंधान केंद्र

**भोपाल।** एम्स भोपाल में आयोजित 20वें अखिल भारतीय आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन (ईएमइंडिया-24) का रविवार 11 अगस्त को भव्य समापन हुआ। पांच दिन चले इस सम्मेलन के अंतिम दिन एक बेसिक लाइफ सपोर्ट और सीपीआर कोर्स का उद्घाटन मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा भी मौजूद रहे। राज्यपाल, मंगू भाई पटेल ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा का एक ऐसा क्षेत्र है,जो हर पल चुनौती पूर्ण होता है,चाहे वह दुर्घटनाएं हो प्राकृतिक आपदाएं हो या फिर अन्य आपातकालीन स्थितियां। इन सभी में त्वरित और सटीक चिकित्सा सेवा प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। इस क्षेत्र में नवीनतम तकनीक और प्रोटोकॉल का उपयोग करके हम कई जीवन




5 दिवसीय ईएमइंडिया-24 के समापन में पहुंचे राज्यपाल

बचा सकते हैं और मरीजों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ अजय सिंह के नेतृत्व में एम्स भोपाल न केवल मध्य प्रदेश बल्कि अन्य प्रदेश के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### कैंसर अनुसंधान केंद्र से मिलेगा बेहतर इलाज

भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में दुर्घटना कभी भी घट सकती है। ऐसे में बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है और इस प्रयास के लिए एम्स भोपाल को बहुत बहुत बधाई। एम्स के निदेशक डॉ अजय सिंह का समर्पण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए उनकी काम करने की भावना निश्चित ही सराहनीय है। श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने एम्स भोपाल में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना और भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर को एम्स भोपाल में मर्ज करने के लिए प्रस्ताव केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को दिया है और आशा करते हैं कि जल्द ही इस पर काम होगा। इसके अलावा एम्स भोपाल में एक कैंसर अनुसंधान केंद्र भी शुरू किया जाए जिससे लोगों का बेहतर इलाज किया जा सकेगा। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि इस ईएमइंडिया-24 सम्मलेन में 750 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें न केवल देश से बल्कि विदेश से भी विशेषज्ञों ने भाग लिया। राज्यपाल महोदय का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आपके सहयोग और मार्गदर्शन से एम्स भोपाल आगे बढ़ रहा है। प्रो. सिंह ने वन स्टेट वन हेल्थ पॉलिसी की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लागू होने से मध्य प्रदेश, स्वस्थ प्रदेश बनकर देश में पहला ऐसा राज्य बनेगा जो वन स्टेट वन हेल्थ की पॉलिसी को लागू करेगा। आने वाले दिनों में 150 बिस्तरों का ट्रॉमा और क्रिटिकल केयर यूनिट बनकर तैयार हो जाएगी। पिछले 2 सालों में एम्स में मरीजों का भरोसा काफी बढ़ा है, जिसका परिणाम है कि यहां की ओपीडी में हर रोज 5600 से भी ज्यादा मरीज इलाज करवाने आते हैं। एम्स भोपाल के अध्यक्ष डॉ सुनील मलिक ने कहा कि इंसान के जीवन से बढ़कर कुछ भी नहीं हो सकता। सही समय पर बेसिक लाइफ सपोर्ट देकर इंसान के जीवन को बचाया जा सकता है। यह जरूरी है कि हर व्यक्ति बीएलएस में पारंगत हो और इसके लिए एक जन जागरण अभियान की आवश्यकता है।

# एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

## 29 नगरीय निकायों के प्रतिभागियों ने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में किया शिरकत

**सिंगरौली।** संचालनालय नगरीय विकास एवं आवास के निर्देश अनुसार नगर पालिक निगम सिंगरौली को रीवा संभाग में मॉडल सिटी के रूप में चयनित करते हुए स्वच्छता समग्र अंर्तगत एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन के निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे रीवा संभाग के 29 नगरीय निकायों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।



प्रथम दिवस कार्यशाला से इसकी शुरुआत हुई जिसका आयोजन एक होटल के सभागार में हुआ। जहां संभागीय पीआईयू धीरेंद्र दुबे और सज्जन सिंह द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण,कचरा मुक्त शहर के साथ वाटर प्लस के निर्देश और युक्तियों को समझाया। ठोस कचरा प्रबंधन हेतु एक्सपर्ट अजय प्रताप सिंह नवाचारों को शहर में लेकर स्वच्छ भारत मिशन सलाहकार अमित कुमार सिंह, आईईसी एवं व्यवहार परिवर्तन के बेस्ट प्रैक्टिस आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में निकाय के सभी प्रतिनिधि शहर के मुडवानी ईको पार्क में बोटिंग एवं जयंत स्तिथ रोज गार्डन में ट्रेन ट्रैकिंग और म्यूजिकल फाउंटेन का भ्रमण किया ।

### सिटाडेल द्वारा किए जा रहे कचरा प्रबंधन की सराहना

द्वितीय दिवस की शुरुआत वार्ड स्तर पर स्त्रोत पृथक्करण,कचरा संग्रहण,परिवहन के साथ नवजीवन विहार रहवासी समिति के सदस्यों के माध्यम से कचरा प्रबंधन में सहयोग और सामुदायिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के प्रयासों को देखने के बाद जुड़वा तालाब परिसर में वृक्षारोपण फिर आईएसडब्ल्यूएम प्लांट गनियारी में कचरा प्रसंस्करण के उपायों और प्रबंधन को बारीकी से देखा और क्षमतावर्धन किया गया। द्वितीय दिवस के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों ने अनुभव सांझा किया और प्रमाण पत्र वितरण के साथ भ्रमण कार्यक्रम के समापन की घोषणा निगमायुक्त डी के शर्मा द्वारा किया गया। नगर परिषद,नगर पालिका एवं नगर पालिक निगम से सम्मिलित हुए सीएमओ और अभियंताओं ने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अपने अनुभव सांझा करते हुए सिटाडेल द्वारा किए जा रहे कचरा प्रबंधन की सराहना की। वही सिंगरौली में किए जा रहे नवाचारों के बारे में अपने विचार रखे।

### आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों का किया आभार व्यक्त

उक्त आयोजन में सिंगरौली नगर पालिक निगम महापौर रानी अग्रवाल ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोपरि बताया और स्वच्छ भारत अभियान के प्रत्येक निर्देशों को जमीनी स्तर पर उतारने के साथ नवाचारों हेतु निर्देश देते हुए सभी निकाय के प्रतिनिधियों का शहर में स्वागत किया। नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय द्वारा प्रतिभागियों को भागीदारी एवं क्षमतावर्धन हेतु सम्मान पत्र का वितरण किया और संचालनालय द्वारा सिंगरौली नगर निगम को चयनित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजन को सफल बनाने में आयुक्त डी के शर्मा के मार्गदर्शन में उपायुक्त आर पी बैस,कार्यपालन यंत्री एवं नोडल अधिकारी व्ही बी उपाध्याय, स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी,राजीव सिंह ,पवन बरोदे,अर्चना कैलाश शाह,सफाई दरोगा, सिटाडेल प्रोजेक्ट मैनेजर रावेंद्र सिंह सहित पूरी टीम,आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला,आईईसी टीम,आईसीयूसी टीम,सौरभ सिंह केपीएमजीए एमआईएस टीम की सक्रियता रही।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा




### वंदे मातरम् के नारे से गूंज उठा शहर

### विधायक सिंगरौली ने तिरंगे की महत्व को बरकरार रखने की दिलाई शपथ

**सिंगरौली।** विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत दूसरे दिवस कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले के विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं पुलिस बल राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम से किया गया तिरंगा यात्रा मल्हार पार्क के सामने से होते हुए ताली मोड़ मैन रोड से स्टेडियम में समापन की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान भारी मात्रा में छात्र छात्राएं तिरंगे के साथ सम्मिलित हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। भारत माता एअमर बलिदानियो व वीर सपूतों के लिए किए जा रहे जय जयकार से शहर गुंजायमान हो रहा था। यह तिरंगा यात्रा हमारे राष्ट्र के प्रति प्रेम का गौरव बढ़ाए जाने के लिए किया गया। रैली वापसी के बाद विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं, पुलिस बल एवं अधिकारी गण को तिरंगा फहराने स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतो की भावना का सम्मान भारत के विकास और प्रगति के प्रति स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई गई। रैली में नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल, डीपीसी आरएल पांडे, सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# 12 वर्ष से फरार वारंटी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** जयंत पुलिस ने 12 वर्ष से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में जयंत चौकी प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने की है। जयंत चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी मोहम्मद इसरार निवासी जयंत चौकी जयंत की रिपोर्ट पर 3 जनवरी 2012 को आरोपी महेश कोल एवं उसके तीन अन्य साथियों के विरूद्ध मारपीट कर जान एवं जान मारने की धमकी देने के संबंध में धारा 294,323,506,34 भादवि का अपराध पंजीबद्द कर विवेचना की गई थी। विवेचना के बाद प्रकरण के सभी आरोपीगणों को विरूद्ध अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जो विचाराधीन न्यायालय है। प्रकरण में आरोपी महेश उर्फ लाल कोल पिता महेन्दर कोल उम्र 24 वर्ष निवासी लक्ष्मी मार्केट जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली घटना दिनांक से लगातार फरार था। जिसे आज दिनांक को पुलिस चौकी जयंत की वारंटी टीम द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि उत्तम सिंह, राजवर्धन सिंह परिहार, प्रआर विष्णु रावत, बीरेन्द्र पटेल की भूमिका रही है।



# एलआईजी चौक पर बनी नई सड़क गढ्ढे में तब्दील

## दुर्घटना की बनी रहती है आशंका, जान जोखिम में डालकर मार्ग पार कर रहे लोग

**सिंगरौली।** नगर पलिक निगम के मोरवा जोन अंतर्गत एलआईजी चौक से कन्या विद्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर बनी रोड एक वर्ष के अन्तराल में ही उखड़ कर गड्ढो में तब्दील हो गई। जिससे यहाँ से गुजरने वाले लोगो को कई प्रकार की दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ननि के अधिकारियों की उदासीनता के चलते पहले ही बारिश में मार्ग पर छोटे-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं, जो सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं। बताया गया है कि नगर एलआईजी चौक पर बने ओवर हेड टैंक से ओवर फ्लो होने पर पानी के निकासी के लिए नाली का निर्माण नही होने से आये दिन बीच मार्ग पर पानी बहता रहता है। जिसकी वजह से इस रोड का बार बार निर्माण होने के बाद भी रोड एक वर्ष के अंदर उखड़ जा रही है। वही जानकारो की माने तो यह रोड एनसीएल की सहयोग से बनवाई गई है। निर्माणाधीन ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से निर्धारित लागत से कम लागत में सड़के मापदंड को दर किनार कर रोड का निर्माण कराया गया है। जिससे रोड पर जगह जगह पर छोटे -बड़े गड्ढे निर्मित हो गए है। जबकि एलआईजी चौके से हमेशा वीआईपी सहित आम लोगो का आना जाना बराबर बना रहता है। इस मार्ग पर पैदल चलना भी अब दूभर हो गया है। इसी मार्ग से शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं प्राइमरी विद्यालय के बच्चो के साथ एनसीएल कालोनी के लोगो का आना जाना बना रहता है। इस मार्ग पर ये बड़े.बड़े गड्ढे निर्मित होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। बावजूद इसके नगर पलिक निगम के अधिकारियों द्वारा भी नव निर्मित मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए कोई सार्थक पहल नही की जा रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम के पास हर सुविधा मौजूद है परंतु फिर भी इच्छा शक्ति की कमी के कारण इस सड़क की मरम्मत तक नहीं कराई जा रही। आलम यह है कि पहले चार पहिया वाहन और अब दो पहिया वाहनों का भी इस मार्ग से आवागमन बाधित हो रहा है।



# रिलायंस पावर के राखड़ बांध क्षतिग्रस्त होने से रिसने लगा पानी

**सिंगरौली।** ऊर्जाधानी में राखड़ की समस्या गंभीर पायदान पर पहुंच चुकी है। दो दिनों की वारिस से रिलायंस शासन पावर के हर्रहवा स्थिति राखड़ डैम अचानक क्षतिग्रस्त होकर सीपेज हो गया हैं। जहां सैकड़ों टन राखयुक्त पानी आसपास के घरों और किसानों के खेतों तक जा पहुंचा। हवा में घुली राख इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के फेफड़े तक तो पहले से ही पहुंच रहा है और अब दो घर राख युक्त पानी से जमीदोज हो गए हैं। हालांकि जिला प्रशासन प्रभावित परिजनों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी में जुटा है। वहीं राख युक्त पानी से फसल चौपट हो गई है।

गौरतलब हैं कि जिले के शासन में रिलायंस की 3960 मेगावाट क्षमता की विद्युत संयंत्र संचालित है। यहां प्रतिदिन औसतन 60 हजार टन कोयले की खपत होती है। इससे उत्सर्जित होने वाली राख की शत प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्चित नहीं हो पाने की वजह से अभी भी राखड़ डैम में पाइप लाइन के माध्यम से राख भेजा जा रहा। जिला पंचायत सदस्य संदीप साह की मानें तो हर्रहवा राखड़ डैम में क्षमता से अधिक राख भर चुका है। अब जब बारिश शुरू हो चुकी है ऐसे में क्षमता से अधिक राख होने की वजह से वर्षा का पानी का दबाव बांध झेल नहीं पा रहा है। ऐसे में डैम के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं जिससे रॉक युक्त पानी का रिसाव शुरू हो गया है। उन्होंने संभावना जताई है कि यदि बारिश तेज हुई तो पूर्व की तरह इस बार भी बंद टूट सकता है। जिससे एक बड़ी त्रासदी होगी जो सदियों तक याद किया जाएगा। हालांकि अब रिलायंस प्रबंधन राखड़ डैम में ऊपर से मिट्टी फीलिंग का काम शुरू किया है ताकि डैम से पानी के रिसाव को रोका जा सके। मिली जानकारी के अनुसार राखड़ डैम से राख युक्त पानी एक दर्जन से ज्यादा लोगों के घरों में पहुंच चुकी है। जिन घरों में राखयुक्त पानी पहुंचा है वह मिट्टी के बने हैं ऐसे में अब लोगों को घर गिरने का भी डर सता रहा है। राखड़ बांध के किनारे बसे सुरेंद्र सिंह पिता जीत सिंह सहित कई किसानों ने जिम्मेदारों को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस दौरान कई किसानों के घरों और खेत राखड़ से प्रभावित हुए हैं। जहां क्षेत्र के लोगों को अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यदि प्रबंधन की लापरवाही से यह घटना हुई है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि रिलायंस से सभी प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य एवं आम आदमी पार्टी नेता संदीप शाह प्रभावित क्षेत्रों का हाल देखने के लिए पहुंचें। उन्होंने विस्थापित किसानों से मुलाकात करते हुए उनका दुख दर्द जाना। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से टेलीफोनिक चर्चा कर स्थाई समाधान करने और लापरवाह रिलायंस के सीईओ सचिन महापात्र समेत जिम्मेदार लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। वहीं उन्होंने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर विस्थापितों के हक की मांग की और भविष्य में ऐंश डैम टूटने की चिंता जाहिर की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार भले ही खुद को गरीबों का रहनुमा बताती है लेकिन उसकी करनी और कथनी में जमीन और आसमान का फर्क है। पहले भी राखड़ डैम टूट चुका है लेकिन विधायक, सांसद, मंत्री जिला प्रशासन कंपनी प्रबंधन स्थाई समाधान क्यों नहीं निकाल पा रहे है।

### दो बाइको की आमने-सामने भिड़न्त, तीन घायल

**सिंगरौली।** माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रजमिलान-परसौना मुख्य मार्ग के कुलही में रविवार की दोपहर दो बाइको की आपस में भिड़न्त हो जाने तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लाग इकठ्ा हो गए। जिसकी सूचना माड़ा पुलिस को देते हुए स्थानीय लोगो ने उपचार के लिए जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर के लिए रवाना कर दिया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

# करणी सेना परिवार ने मनाया हरियाली अमावस्या एवं श्रावण मास झूला महोत्सव



**सिंगरौली।** करणी सेना परिवार सिंगरौली द्वारा जयंत क्लब में हरियाली अमावस्या एवं श्रावण मास झूला महोत्सव व पौधारोपण कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जिले की करणी सेना परिवार की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस श्रावण माह के शुभ पावन अवसर एवं भारतीय संस्कृति रीति रिवाजों से परिपूर्ण ओतप्रोत,प्रथमीयता, हरियाली अमावस्या मनाया गया। महिलाओं ने सबसे पहले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस अवसर पर गाने बजाने के साथ-साथ कई खेल का भी आयोजन हुआ। महिलाओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। यह कार्यक्रम सिंगरौली जिले की जिलाध्यक्ष रुचि सिंह चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कविता सिंह एवं संध्या सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष रुचि सिंह चंदेल के द्वारा सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन रिचा सिंह ने किया वही सभी का आभार व्यक्त नम्रता सिंह ने किया।

# सायबर ठगों से बचने पुलिस अधीक्षक ने जारी की एडवाइजरी

## सायबर क्राइम से बचने व सतर्क रहने बताई उपाय

**सिंगरौली।** आज कल साइबर ठगों ने भोली भाली जनता को अपनी बातों में फंसाकर ठगी करने का नया तरीका ढूंढा है। साइबर ठग द्वारा ग्रामीणांचल में रहने वाले भोले भाले लोगों को फोन करके अपनी बातों में उलझा लिया जाता है,उनसे उनके द्वारा थाने में की गई एफआईआर के बारे में पूछा जाता है। उसके बाद यह कहा जाता है कि वह एसपी आफिस से बोल रहा है। अपना फर्जी नाम बताता है और कहता है कि आपने किसके विरुद्ध एफआईआर की है। जब आप नाम पता बता देते हैं तो वह उसी से संबंधित बातों को आपसे कहता है कि उसने गाली दी थी, मारपीट की थी और आपके पड़ोस में रहता है, आपका रिश्तेदार है एवं अन्य बातें बताने लगता है। आपसे ही सारी जानकारियां एकत्रित कर लेता है। दूसरी पार्टी का आपसे मोबाइल नंबर भी पूछता है और फिर यही प्रक्रिया वह उसके साथ भी दोहराता है। इसके बाद ठग आपसे कहता है कि आपके विरुद्ध भी दूसरी पार्टी ने एफआईआर कर दी है और उसके द्वारा बड़ी धाराएं लगाई गई हैं। यदि कार्यवाही से बचना है तो आधार कार्ड लेकरएसपी आफिस आना है। ठग द्वारा लोगों से यह भी पूंछा जाता है कि क्या आप अपनी धारा कम करवाकर मामला रफा दफा करवाना चाहते हैं और विपक्षी पार्टी को बंद करवाना चाहते हैं तो 5000 रुपए रास्ते में पड़ने वाली दुकान से उसके बताए हुए फोन पे नंबर पर आपको पहले पैसे डालना है, उसके बाद ऑफिस पहुंचना है। ऑफिस में पहुंचते ही कार्यवाही की जाएगी। ठग द्वारा यह भी कहा जाता है कि आपकी विपक्षी पार्टी को वह जल्दी से जल्दी फोर्स भेज कर उसके घर से उठा लेगा, चिंता करने की कोई बात नहीं है।



### ऐसे ठगों से बचने के उपाय

- ऐसे फोन कॉल से सावधान रहें और फोन आने पर अपनी सारी जानकारी ना दें।
- यदि आपके मोबाइल पर ऐसा फोन कॉल आता है तो फोन लगाने वाले से उसकी सारी जानकारी पूछे, वह कहां से बोल रहा है, किस पद पर है और उसे अपने नजदीकी थाने आने के लिए कहें।
- ऐसे ठगों से डरने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।
- ऐसे ठगों को अपने आधार नंबरए ओटीपी इत्यादि की जानकारी बिल्कुल भी ना दें।
- निकटतम थाने में इसकी सूचना दें।
- आपकी जागरूकता ही आपकी सुरक्षा है, जागरूक रहें, सतर्क रहें।
- किसी की लुभावनी बातों पर ना आए।
- अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी, आधार आदि को किसी के साथ साझा न करें।
- कोई भी संस्था आपसे आपका निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नहीं देता।
- यदि आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या नम्बर 1930 पर काल करें।

# राष्ट्रवाद भाजपा की आत्मा, हर घर शान और उत्साह के साथ लहराए तिरंगा : रणवीर

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आयोजित हुई पत्रकार-वार्ता




**सीधी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का तिरंगा लहरा रहा है। तिरंगा हमारी पहचान है और हर भारतवासी का गौरव है। इसे देखकर हर देशवासी के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो जाती है। इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। पहले तिरंगा कुछ चुनिंदा लोगों की जागीर बना हुआ था, किंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरंगे को हर भारतीय के लिए सहज और सरल ढंग से शान के साथ उपलब्ध कराया।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री और रीवा संभाग के संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू राम जी सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, कार्यक्रम प्रभारी अनिल पांडे, सह जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर मनीला सिंह चौहान की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश महामंत्री श्री रावत ने कहा कि लगभग एक सप्ताह का यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगा। हर घर तिरंगा अभियान में सरकार, समाज के साथ पार्टी संगठन की भूमिका होगी। समाज का हर वर्ग इस अभियान में सहभागिता करे, इसकी चिंता पार्टी कार्यकर्ता करेंगे।

प्रदेश महामंत्री श्री रावत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत तिरंगा यात्राओं और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ होगी। युवा मोर्चा द्वारा 11, 12 व 13 अगस्त को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। 12, 13, 14 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर माल्यार्पण किया जाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह ने कहा कि सत्ता लोलुप एवं स्वार्थी नेताओं ने देश का विभाजन 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर किया। जिसकी स्मृति में इस अभियान के दौरान 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। देश के विभाजन की विभीषिका में करीब 1.5 करोड़ परिवार विस्थापित हुए, लगभग 6 लाख लोग मारे गए। 1 लाख से अधिक महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाएं हुईं, लेकिन ये काला अध्याय अधिकांश युवाओं की जानकारी में नहीं है। विभाजन की त्रासदी से देशवासियों को अवगत कराने तथा इसके लिए जिम्मेदार विघटनकारी ताकतों के प्रति देश को सतर्क करने के उद्देश्य से 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर प्रदर्शनियों, गोष्ठियों तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रवाद भाजपा की पंच निष्ठाओं में से पहली निष्ठा है। हर घर तिरंगा अभियान भारत के स्वाभिमान एवं देश की शान तिरंगे को हर घर फहराने की राष्ट्र प्रेम की उस भावना को जागृत करने के इस अभियान में पार्टी ही नहीं बल्कि समाज, देश और प्रदेश की जनता की सहभागिता को भी सुनिश्चित करना है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर कि शान तिरंगा होनी चाहिए। जब शान से हमारे घरों में तिरंगा लहराएगा, तो हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति का जुनून पैदा होगा। जो नई पीढ़ी को नई प्रेरणा देगा, साथ में आजादी की कीमत भी जानेंगे। नई पीढ़ी उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा अभियान में शामिल हो।

भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान को प्रदेश के सभी 64123 बूथों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर से लेकर जिला और मंडल स्तर तक समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी तिरंगा अभियान के अंतर्गत विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने वाली है।

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा है कि हर भारतीय तिरंगा अपने घरों में शान के साथ फहराएं। उत्साह और अनुशासन के साथ अपने-अपने घरों में तिरंगा ध्वज लगाकर राष्ट्रभक्ति के त्योहार में रंग जाएं। इस दौरान विधानसभा स्तर की बाइक रैली भी निकल जाएगी।

पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे और आभार प्रदर्शन जिला सह मीडिया प्रभारी डॉ मनीला सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सोशल मीडिया संयोजक जितेन्द्र तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पीएम श्री स्कूल टिकरी का छात्र अमन शुक्ल स्वतंत्रता दिवस 2024 के राष्ट्रीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

## अपर कलेक्टर राजेश शाही ने छात्र को दी शुभकामनाएं



**सीधी।** मध्य प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों से 6 विद्यार्थियों को 15 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में सहभागिता करने के लिए चयनित किया गया है।

यह एक उत्कृष्ट अवसर है जिसके माध्यम से प्रदेश के विद्यार्थी एक राष्ट्रीय गौरव के कार्यक्रम में सहभागिता कर सकेंगे और मूल्यवान अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। जिले के पीएम श्री स्कूल टिकरी का छात्र अमन शुक्ल स्वतंत्रता दिवस 2024 के राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकरी में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्र अमन शुक्ला टिकरी से 3 कि मी दूर समीपी ग्राम परासी के निवासी हैं। अमन शुक्ला 10वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करके 11वीं विज्ञान समूह में अध्ययनरत है। अमन शुक्ला की रुचि पढ़ाई के साथ-साथ बचपन से ही कला के क्षेत्र में रही है। अमन गत वर्ष स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता 2023 के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता की थी।

अपर कलेक्टर राजेश शाही ने इसे छात्र के लिये विशिष्ट उपलब्धि और जिले के लिए गौरव बताया। उन्होंने छात्र अमन को शुभ कामनाएं देते हुए नई दिल्ली के लिए रवाना किया। अमन के साथ शिक्षक राकेश रतन पाण्डेय भी दिल्ली जाएंगे। अमन के चयन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है।

# हायर मैथमेटिक्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

## गणित विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**सीधी।** स्कूल शिक्षा विभाग की शिक्षकों को निरंतर अपने विषय में दक्षता हासिल करने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में गणित विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 8 अगस्त से प्रारंभ होकर 10 अगस्त को संपन्न हुआ। सीधी जिले के समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ गणित विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण प्रातः 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित हुआ। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र कुमार पाण्डेय एवं राजेंद्र तिवारी ने गणित विषय को सरल करने की विभिन्न विधियों को टीचिंग लर्निंग मटेरियल के माध्यम से सरलतम तरीकों से समझने के टिप्स दिए। समस्त शिक्षको द्वारा प्रशिक्षण में बढ़ चढ़ कर सहयोग प्रदान किया।

समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शंभू नाथ त्रिपाठी, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बालिका सम्मान एवं संवाद समारोह संपन्न



**सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सीधी में बालिका सम्मान एवं संवाद समारोह का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण महाविद्यालय के छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टाफ को महाविद्यालय में दिखाया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह, प्राध्यापक डॉ. आर. बी. एस. चौहान, डॉ.आर. एन. स्वर्णकार, डॉ. अरुणा सिंह, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. विनोद कुमार प्रजापति, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. अश्वनी कुमार द्विवेदी, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. उमेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. सिद्धार्थ वर्मा, डॉ. रामसुरेश भारती, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. विभा कुशवाहा, डॉ. संजय द्विवेदी, प्रमोद द्विवेदी एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अरुणा सिंह ने छात्राओं को महाविद्यालय में छात्राओं हेतु संचालित गतिविधियों तथा योजनाओं पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के.सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से आह्वान किया कि आप सब सम्मानित होने वाली छात्राएं एवं अन्य उपस्थित छात्राओं का महाविद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, खेल, शैक्षणिक वातावरण एवं अन्य गतिविधियों में महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रेरित करने का दायित्व बढ़ गया है। महाविद्यालय में बालिकाओं का सम्मान केवल आज कार्यक्रम में नहीं अपितु प्रतिदिन रखा जाएगा।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की आठ बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान रखने पर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत समस्त बालिकाओं ने ''संवाद कार्यक्रम'' अंतर्गत अपनी विधा से संबंधित जानकारी एवं प्रस्तुति प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की छात्रा अनुराधा मिश्रा (कुश्ती एवं कबड्डी), स्वाति सिंह चौहान (खो खो एवं एथलेटिक्स), प्राची सिंह चौहान( क्रिकेट ), आंचल सिंह (रंगोली ), रेशु सिंह (गायन एवं यूथ महापंचायत ), स्नेहल सिंह (वाद विवाद), खुशी सोनी (नाटक) एवं वर्षा सोनी (नाटक) को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अरुणा सिंह तथा समस्त आयोजन डॉ. रविंद्रनाथ सिंह क्रीड़ा अधिकारी ने किया।

# सीधी में पर्यटक स्थलों की भरमार, पहुंचते हैं देशी-विदेशी पर्यटक

**सीधी।** सीधी पर्यटक स्थल के साथ ऐतिहासिक महत्व से भरपूर हैं। विश्व में सफेद शेरों की जनक रही है, संजय दुबरी टाइगर रिजर्व, सोन घड़ियाल अभयारण्य, बीरबल की जन्मस्थली घोघरा और बाणभट्ट की तपोस्थली चंदरेह सहित एक दर्जन से अधिक पर्यटन स्थल हैं। इन स्थलों को ग्राम पंचायत से मिलकर यांत्रिकी विभाग विकसित कर रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल में संजय दुबरी टाइगर रिजर्व है। जिला मुख्यालय से इसकी दूरी करीब 70 किमी है। संजय दुबरी अभयारण्य में वर्तमान में करीब 40 से अधिक संख्या में बाघ विचरण करते हैं। इसका प्रवेश द्वारा चमराडोल के पास बडक़ाडोल में है। यहां टाइगर सफारी करने देशी व विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। सोन घड़ियाल अभयारण्य प्रोजेक्ट क्रोकोडाइल के अंतर्गत घड़ियाल संरक्षण व जनसंख्या वृद्धि हेतु स्थापित किया गया। सोन नदी का 161 किमी, 23 किमी बनास नदी व 26 किमी गोपद नदी का क्षेत्र मिलाकर कुल 210 किमी क्षेत्र को 1981 में अभयारण्य के रूप में घोषित किया था। बुद्धिमान, हाजिर जवाब, अकबर के नव रत्नों में मशहूर बीरबल का नाता सीधी जिले से है। उनका जन्म सीधी जिला मुयालय से करीब 35 किमी दूर स्थित घोघरा गांव में वर्ष 1528 में हुआ था। उनके पिता गंगादास व माता का नाम अनाभा देवी था। बीरबल के बचपन का नाम महेश प्रसाद था। जिले के रामपुर नैकिन में चंदरेह ग्राम में 972 ईसवी में निर्मित प्राचीन शैव मंदिर एवं मठ स्थित है। यह मंदिर चेदि शासकों के गुरु प्रबोध शिव (जो मत्त-मयूर नामक प्रसिद्ध शैव संप्रदाय से संबंधित थे) ने साधना व शैव सिद्धांत के प्रचार हेतु स्थापित किया था। मंदिर से जुड़ी हुई संरचना बालुका पत्थर से निर्मित एक मठ है। रमदहा कुंड कुसमी सोनगढ़ मार्ग के समीप मांच महुआ में घोका नाम नाला में एक अत्यंत रमणीक जल प्रपात है। घोका नाल संरक्षित क्षेत्र के अंदर बसे ग्राम मझिगवां में उद्गम स्थल है। गोपद दर्शन कुसमी के समीप खरसोती के पास गले गोपद नदी का विहंगम दृश्य है, जहां से सिंगरौली जिले के सरई तहसील के ग्रामों का नजारा दिखाई देता है। गोपद नदी सीधी एवं सिंगरौली जिले की विभाजन सीमा है। कन्हैयादह परिक्षेत्र मोहन के अंतर्गत गरूलडांड में साथ नामक नाला में एक अत्यंत रमणीक जल प्रपात है। यहां पहुंचकर प्रकृति की मनोहारी प्रकृति की अनुभूति होती है। बेटीदह बस्तुआ परिक्षेत्र के जामडोल ग्राम के पास स्थित अत्यंत रमणीक जल की धारा है। यहां पानी की धार को पत्थरों पर अठखेलियां करते हुए देखना व उनके द्वारा चट्टानों को तराशते हुए देखना विश्मयकारी अनुभव है।

ठोंगा मंदिर मझौली तहसील मुयालय से पोड़ी रोड पर मझौली से 5 किमी व जिला मुयालय से करीब 55 किमी की दूरी पर ठोंगा पहाड़ी पर चट्टानों की अद्भुत संरचना पर मंदिर का मनोरम नजारा लोगों के मन में स्वत: एक जिज्ञासा उत्पन्न करता है। यह मंदिर पहाड़ों की पतली खड़ी चट्टान पर स्थित है। गिद्धा पहाड़ मझौली से 12 किमी दूरी पर स्थित पहाड़ी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में किसी समय गिद्धों की विभिन्न प्रजातियां निवास करती थी। इस कारण से इसका नाम गिद्ध पहाड़ पड़ा। यहां अभी भी गिद्ध की अनेक प्रजातियां निवास करती हैं।

# जिले में औसत वर्षा 719.8 मि.मी. दर्ज, कुसमी में सर्वाधिक वर्षा

सीधी

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 11 अगस्त को सीधी जिले में 13.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 42.6 मि.मी., चुरहट में 2.2 मि.मी., गोपद बनास में 6.4 मि.मी., सिहावल में 9.0 मि.मी., बहरी में 11.2 मि.मी., मझौली में 21.0 मि.मी. और कुसमी में 4.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 719.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 11 अगस्त तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 912.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 818.8, चुरहट में 625.0, गोपद बनास में 669.6, सिहावल में 689.8, बहरी में 658.4 और मझौली में 665.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 468.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 251.7 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# गनियारी स्थित प्लाजा की दुकानों को निगम आयुक्त सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने किया बंद

## जर्जर भवन से होने वाली किसी भी प्रकार की जनहानि स्वीकार नहीं : निगमायुक्त

**सिंगरौली।** राज्य शासन के निर्देश अनुसार जिले में जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है ताकि जर्जर भवनों से होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाओं से किसी प्रकार की जनहानि ना हो। इसी क्रम में नगर पालिका निगम सिंगरौली क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर चौक में स्थित गनियारी शॉपिंग प्लाजा का नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई कर शॉपिंग कंपलेक्स की दुकानों को बंद कराया गया। पूर्व में नगर निगम अध्यक्ष ,महापौर और आयुक्त द्वारा गनियारी शॉपिंग प्लाजा का अवलोकन किया गया जिसमें उसकी स्थिति जर्जर पाई गई जिसे ध्यान में रखते हुए दिनांक 3 अगस्त को प्लाजा को बंद करने के आदेश जारी किया गया। जिसकी सूचना सभी दुकानदारों, लीजधारी एवं किराएदारों को विधिवत दी गई थी। इसके अलावा अनाउंसमेंट, बैनर और अखबारों के माध्यम से भी लगातार सूचना दी गई। किसी तरह की जनहानि ना हो और मामले की गंभीरता को देखते हुए 7 अगस्त को एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, तहसीलदार सिंगरौली रमेश कोल सहित थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार के साथ संयुक्त रूप से दुकानदारों को समझाइए देकर प्लाजा को बंद करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आम जनों का प्रवेश प्लाजा में निषेध किया गया। कार्रवाई के दौरान निगम आयुक्त ने कहा कि गनियारी शॉपिंग प्लाजा के सभी दुकानदार, लीजधारी एवं किरायेदारों के हितों को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। प्लाजा में किसी भी तरह की जनहानि हो जिसके चलते दुकानदारों को समझाइश देते हुए सभी दुकानों को बंद कराया गया है साथ ही जल्द से जल्द दुकानदारों के लिए अस्थाई दुकानों की व्यवस्था की जाएगी ताकि उनका व्यापार प्रभावित न हो । आप सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा यह कार्रवाई की गई जिसमे आप सब सहयोग करें। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि आदेश की अवहेलना करता है तो उसके ऊपर सख्ती से करवाई कर एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री बीवी उपाध्याय, उपयुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, एसएन द्विवेदी, संतोष तिवारी, आईईसी टीम सहित निगम का भी पूरा अमला उपस्थित रहा।

# रिमझिम बारिश के बीच उत्साह के साथ भाजपा ने निकाली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

## प्रदेश महामंत्री, सांसद, जिला अध्यक्ष, विधायक हुए शामिल



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ने सीधी विधानसभा स्तरीय तिरंगा बाइक रैली रिमझिम बारिश के बीच पूरे जोश और उत्साह के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से युक्त बाइक रैली निकाली।

बाइक रैली का मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं जिला संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक नेतृत्व करते हुए दिखाई दिए। तिरंगा बाइक रैली स्थानीय पूजा पार्क से प्रारंभ होकर अस्पताल चौक, जोगीपुर बाईपास, मडरिया बाईपास, सीधी रीवा बाईपास होते हुए न्यू बस स्टैंड, संजय संजय गांधी महाविद्यालय, स्थानीय अंबेडकर चौक से होते हुए अस्पताल चौक और पूजा पार्क में नुक्कड़ सभा के रूप में परिवर्तित हुई। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने तिरंगा मोटरसाइकिल रैली में आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों, पार्टी पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ प्रशासन का आभार ज्ञापित किया। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक बीच-बीच में हुई जबरदस्त बारिश के बीच तिरंगा यात्रा जारी रखते हुए जबरदस्त उत्साह के साथ भारत माता की जय के उद्घोष करते हुए दिखाई दिए। बारिश के कारण पूरे कपड़े गीले होने के बावजूद भी बारिश के कारण कोई भी व्यक्ति तिरंगा यात्रा से बाहर नहीं गया बल्कि दुगुने उत्साह के साथ भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए दिखाई दिए। जो जन सामान्य में चर्चा का विषय रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू राम जी सिंह, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, वरिष्ठ भाजपा नेता लालचंद गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, अनिल पाण्डेय, प्रमोद द्विवेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, सरस्वती बहेलिया, जिला महामंत्री विनोद साकेत, जितेन्द्र सिंह चौहान, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, ज्योति कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, डॉ मनीला सिंह चौहान, मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, राकेश मौर्य, राजकुमार सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, संजय सिंह चौहान, सूर्य प्रताप सिंह, रामराज गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, शुभम जायसवाल, पुष्पराज सिंह चौहान, अजय गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ो लोग तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए।

## संपादकीय

# हैवानियत की इंतहा कब रुकेगी

वह बहुत होनहार थी। माता-पिता और उसका सपना पूरा हो गया था। दिन-रात कड़ी मेहनत के बाद वह डॉक्टर बन गई थी। आंखों में कई सपने थे लेकिन सारे सपनों संग वह इस दुनिया को छोड़कर चली गई। उसके चेहरे से लेकर पांव तक कई घाव थे। प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। गर्दन के पास, गाल और ओंठों पर चबाने के निशान थे। उसे देखकर ही लग रहा था कुछ अनहोनी हुई है। पोस्टमॉर्टम हुआ तो डॉक्टर्स की भी रूह कांप गई। उसे एक दरिंदे इंसान ने गिद्ध की तरह नोचा था। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ हैवानियत की। एक दो बार नहीं कई बार रेप किया। उसका प्राइवेट पार्ट बुरी तरह से जखमी हो गया, खून बहन लगा। वह लड़ी और बचने की पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाई। उसकी लाश को जिसने देखा, रो पड़ा।यह दर्दनाक कहानी है पश्चिम बंगाल के कोलकाता में सरकारी मेडिकल कॉलेज में काम करने वाली एक ट्रेनी डॉक्टर की। वह रोज की तरह नाइट शिफ्ट में थी, थोड़ा आराम करने सेमिनार हॉल में गई थी लेकिन नहीं जानती थी कि वह अब कभी वहां से नहीं निकल पाएगी। कोलकाता पुलिस ने अपराध की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। लाश की जो स्थिति थी, उससे पता चला है कि आरोपी ने हैवानियत की सारी इंतहा पार कर दी थी। यह हैवानियत की इंतहा कब रुकेगी। ऐसे हैवानों को सिर्फ फांसी की सजा होनी चाहिए उससे कम कुछ नहीं है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब महिला कहां सुरक्षित बची हैं यह सोचने वाली बात है। सरकार को महिलाएँ के लिए कड़े कानून बनाना चाहिए। अब अस्पताल भी अछूता नहीं रहा है। पुलिस प्रशासन और राजनीतिक लोगों को ऐसे मामले में जल्दी-जल्दी से गंभीरतापूर्वक सोचना पड़ेगा नहीं तो कोई भी माँ बाप अपने बेटी को कहीं भेजते समय हमेशा चिंता र हती है। ऐसे घटना घटती है तो यह मानव समाज के लिए बहुत घातक है। पिछले दिनो उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

# क्या लोकतंत्र से खिलवाड़ पड़ गया शेख हसीना पर भारी

**शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी और भारत की पुरानी मित्र शेख हसीना ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जनता के एक छोटे हिस्से को बाकी आबादी का शत्रु बना दिया। इसका नुकसान बांग्लादेश को लंबे समय तक झेलना पड़ेगा और सड़कों की बर्बरता हिंदू अल्पसंख्यकों समेत लाखों परिवारों का जीना मुहाल कर देगी। अवामी लीग की शीर्ष नेता के रूप में लगातार चौथा आम चुनाव जीतकर बतौर प्रधानमंत्री अपना यह कार्यकाल शेख हसीना ने अभी कुल छह-सात महीने ही गुजारा था। सर्वशक्तिमानता का एक आभामंडल पंद्रह साल के शासन ने उनके इर्द-गिर्द रच डाला था। इसके पहले दस वर्षों में आर्थिक दृष्टि से बांग्लादेश को जो रफ्तार इस 76 वर्षीय राजनेता ने पकड़ाई थी, वह घनी आबादी वाले इस पिछड़े मुल्क के लिए किसी सपने जैसी थी।**

(चंद्रभूषण)

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजिद ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़ दिया है, लेकिन उनके देश पर मंडरा रही विपत्ति इससे जरा भी कम नहीं हुई है। बांग्लादेश अराजकता की गिरफ्त में है।

### कुर्सी का मोह

शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी और भारत की पुरानी मित्र शेख हसीना ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जनता के एक छोटे हिस्से को बाकी आबादी का शत्रु बना दिया। इसका नुकसान बांग्लादेश को लंबे समय तक झेलना पड़ेगा और सड़कों की बर्बरता हिंदू अल्पसंख्यकों समेत लाखों परिवारों का जीना मुहाल कर देगी।

### आर्थिक कामयाबी

अवामी लीग की शीर्ष नेता के रूप में लगातार चौथा आम चुनाव जीतकर बतौर प्रधानमंत्री अपना यह कार्यकाल शेख हसीना ने अभी कुल छह-सात महीने ही गुजारा था। सर्वशक्तिमानता का एक आभामंडल पंद्रह साल के शासन ने उनके इर्द-गिर्द रच डाला था। इसके पहले दस वर्षों में आर्थिक दृष्टि से बांग्लादेश को जो रफ्तार इस 76 वर्षीय राजनेता ने पकड़ाई थी, वह घनी आबादी वाले इस पिछड़े मुल्क के लिए किसी सपने जैसी थी।

### गरीबी घटी

सिले हुए सूती कपड़ों के निर्यात में बांग्लादेश देखते-देखते दुनिया का अग्रणी देश बन गया। बंदरगाह, रेलवे, सड़क और बिजली उत्पादन में भी वहां अंधाधुंध काम हुआ। ढाई करोड़ लोग इस दौरान वहां गरीबी रेखा से ऊपर गए। रोजगार के मामले में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था का रेकॉर्ड 2019-20 के आंकड़ों में इतना अच्छा दिख रहा था कि भारतीय राजनीति में लंबे समय से बनी हुई 'अवैध बांग्लादेशियों की समस्या' अपने आप यहां के एजेंडे से बाहर हो गई। लेकिन बांग्लादेश में लोकतांत्रिक विपक्ष को हाशिये पर फेंका जा रहा था, जिसकी ताकतवर मुल्क अनदेखी करते रहे।

### बड़ी जीत

सन 2018 में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी की नेता बेगम खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के आरोप में 17 साल जेल की सजा सुनाई गई। यह तो खैर सरकारी जांच एजेंसियों की जांच-पड़ताल के आधार पर सुनाया गया अदालत का फैसला था, लेकिन पूरी पार्टी को ही भ्रष्ट और देशद्रोही साबित करने का जिम्मा सरकार और उसे चलाने वाली पार्टी ने उठाया। इसके थोड़े ही समय बाद हुए आम चुनाव में कुल 300 सीटों में अवामी लीग को 257 सीटें मिलीं, जबकि विपक्ष 26 सीटों पर सिमट गया।



### महामारी की मार

लेकिन 2020 की शुरुआत में ही जब कोरोना महामारी ने विश्व अर्थव्यवस्था को गर्दन से पकड़ा तो बांग्लादेश के कल-पुर्जे बिखरने लगे। उसके कुल 55 अरब डॉलर के निर्यात में 85त हिस्सा सिले हुए सूती कपड़ों का था, जिस पर कोरोना के दौरान ही जोरदार धक्का लगा।

### भारत का सहारा

शेख हसीना ने इस संकट का समाधान भारत से अपने गहरे रिश्तों में खोजने का प्रयास किया और अपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए यहां से बड़े सरकारी कर्जे की व्यवस्था की। लेकिन कपड़ा उद्योग की हालत खराब बनी रही। वहीं, फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से कच्चे तेल, खाद्य तेलों और अनाज के महंगे आयात ने बांग्लादेशी अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी।

### चुनावी धांधली

7 जनवरी 2024 को हुए आम चुनाव में शेख हसीना को अच्छी तरह पता था कि इसका स्वरूप उनके पिछले तीन चुनावों जैसा नहीं है। विपक्ष के 25 हजार (सरकारी आंकड़ा 11 हजार) नेता-कार्यकर्ता 2023 में हुए आंदोलनों के दौरान जेल में थे। उनकी ओर से चुनाव बॉयकॉट का नारा था। लेकिन लोग वोट देने आएं, इसके लिए सरकार की ओर से तो नहीं लेकिन अवामी लीग की ओर से यह बात फैलाई गई कि जो भी वोट नहीं डालेगा, उसे कार्ड पर मिलने वाली कोई भी सरकारी सहायता आगे नहीं मिल पाएगी।

### खतरे की घंटी

इसके बावजूद वोटिंग बंद होने तक सिर्फ 28 प्रतिशत वोट पड़ने की ही सूचना थी। बाद में चुनाव आयोग की आधिकारिक सूचना में खींचतान कर इसे 40प्रतिशत तक पहुंचाया गया। दिसंबर 2018 के चुनाव में 75प्रतिशत मतदान को देखते हुए इसे खतरे की घंटी माना जाना चाहिए था। हसीना ने शायद माना भी हो, लेकिन इसका जवाब गलत खोजा।

### आरक्षण पर बवाल

अभी वाले बवाल की शुरुआत जून में हुई, जब एक हाईकोर्ट ने 2018 में रद्द किए गए विवादास्पद कोटा सिस्टम को फिर से बहाल कर दिया। इस सिस्टम के तहत देश की कुल 56प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित थीं, जिसमें 30प्रतिशत 1971 के मुक्तियोद्धाओं के वंशजों को मिलनी थीं। यह अदालत का फैसला था, जिससे सरकार हाथ खींच सकती थी। लेकिन ढाका विश्वविद्यालय से इसका विरोध शुरू हुआ तो शेख हसीना ने आंदोलन करने वाले छात्रों को रजाकार (बांग्लादेश के स्वाधीनता संघर्ष में पाकिस्तान का साथ देने वाले) और आतंकवादी घोषित कर दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए आरक्षण को 7प्रतिशत पर ला दिया, लेकिन तब तक बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि मामला सरकार से माफी की मांग पर आ गया।

### ढाका कूच

अवामी लीग का छात्र संगठन और उसके पार्टी कार्यकर्ता पुलिस और फौज के पीछे-पीछे उस आंदोलन से निपटते रहे, जो आरक्षण का मुद्दा और सरकार से माफी मंगवाने की बात पीछे छोड़कर दिन सोमवार, तारीख 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री का इस्तीफा मांगने के लिए 'ढाका कूच' का ऐलान कर चुका था।

### सांप्रदायिक रूप

इस बिंदु तक पहुंचकर आंदोलन ने सांप्रदायिक रूप भी धारण कर लिया, जो बांग्लादेश की स्थापना के बाद से ही पता नहीं क्यों वहां के हर बड़े जन-आंदोलन की नियति बन जाता है। इस तरह दो साल के अंदर दक्षिण एशिया में दूसरी बार, श्रीलंका के बाद बांग्लादेश में भी प्रधानमंत्री के देश छोड़कर भाग जाने की घटना सामने आई। अफसोस कि इस पलायन का दंड उन सेकुलर परिवारों और गिनती के बांग्लादेशी हिंदुओं को भुगतना पड़ेगा, जिन्होंने अपने देश के लिए सबसे ज्यादा कुर्बानी दी है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# विनेश के विवाद से हमने जो सीखा

(नॉरिस प्रीतम)

विनेश फोगाट के साथ पेरिस में जो हुआ, उस घटना ने मुझे वर्ष 2015 की याद दिला दी। बात है लास वेगास में चल रही वर्ल्ड चैंपियनशिप की। मैं वहां भारत में होने वाली रेसलिंग लीग के लिए पहलवानों की तलाश में गया था। वहां मैंने पहली बार विनेश को करीब से देखा। वह शायद 19-20 साल की रही होंगी। चैंपियनशिप से दो दिन पहले वार्म-अप के दौरान विनेश का गड्ढा मुड़ा और वह गिर पड़ीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पट्टी-प्लास्टर कराकर वह वापस होटल लौटीं। डॉक्टरों की हिदायत थी कि उन्हें कम से कम दो दिन बिस्तर से नहीं उतरना है। मगर विनेश! वह तो दूसरे दिन प्लास्टर समेत रिंग में खड़ी थी। मैं हैरान था कि यह छोटी सी लड़की और इतनी हिम्मत!

खैर, वह चैम्पियनशिप में भाग नहीं ले पाई, लेकिन उनकी हिम्मत और जज्बे को देखकर मेरे साथ-साथ उस समय के मशहूर छह बार के विश्व चैंपियन अमेरिका के जॉर्डन बरोज भी दंग रह गए थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि इस खिलाड़ी का ध्यान रखें, यह जरूर कुछ करेगी। मंगलवार को पेरिस में विनेश के प्रदर्शन को देखकर मुझे उसी अमेरिकी चैंपियन की बात याद आ रही थी। और अगले दिन जब विनेश की अयोग्यता का मामला सामने आया, तो सबसे पहले अगर किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने विनेश के लिए आवाज उठाई, तो वह जॉर्डन बरोज ही थे। उन्होंने विनेश को सिल्वर मेडल देने की मांग की, साथ ही यह भी सुझा दिया कि वजन के मामले में कम से कम एक किलोग्राम तक की छूट मिलनी चाहिए।

लास वेगास ही नहीं, उसके बाद मैंने विनेश की इवेंट रियो ओलंपिक में भी कवर की, जहां फिर उनके घुटने में चोट लगी, लेकिन इन सबके बीच यह भी महसूस किया कि वह बहुत ही दिलेर और हिम्मत वाली खिलाड़ी हैं। इतनी शारीरिक और मानसिक कठिनाइयों के बाद शायद ही किसी खिलाड़ी ने इस तरह वापसी की हो और शुरुआती राउंड में ही ओलंपिक चैंपियन को मात दी हो, जैसा विनेश ने इस बार ओलंपिक में किया।

बहरहाल, विनेश की अयोग्यता घोषित होने के बाद भारत ही नहीं, पूरे विश्व के खेल जगत में तहलका मच गया है। अपने यहां सड़क से लेकर संसद तक कुश्ती शुरू हो गई है। कोई राजनीतिक दलों को दोषी मान रहा है, तो कोई खेल मंत्रालय को, तो कोई भारतीय ओलंपिक संघ को। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ को भी घेरने वाले कम नहीं हैं। हालांकि, विनेश खुद बहुत ही जज्बाती लड़की है और अयोग्य होने के बाद उन्होंने हजारों आंसू बहाए होंगे। मगर खेल के नियमों को ध्यान में रखते हुए, जिनसे वह बखूबी वाकिफ हैं, उन्होंने पहले खेलों के अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में जाने की नहीं सोची। हालांकि, पूरे देश में चल रही बहस और पेरिस में मौजूद खेल अधिकारियों के दबाव के कारण अपील की गई होगी।



सवाल है कि यह हुआ कैसे कौन इसका दोषी है या फिर कोई दोषी है ही नहीं विनेश पहली दफा अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग नहीं ले रही थीं और न ही उनके साथ गए हंगरी के वॉलर अकोस कोई मामूली कोच हैं। वह ख्याति-प्राप्त हैं और 2018 से विनेश के साथ हैं। उन्होंने 2011 में अपनी पत्नी को भी ट्रेनिंग देकर वर्ल्ड चैम्पियन बनाया था। जाहिर है, ऐसा मुमकिन नहीं है कि किसी को नियम नहीं पता होगा। तब भी यदि विनेश मुकाबले की सुबह तय वजन से अधिक पाई गई, तो कहीं न कहीं चूक तो हुई है। मगर इसे अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र या घरेलू साजिश नहीं कहा जा सकता। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में इसी तरह की बातें चल रही हैं।

जो हुआ, वह गलत हुआ, लेकिन अब ऐसा क्या किया जाए कि भविष्य में इस तरह की या इससे मिलती-जुलती कोई घटना न हो। पेरिस को ही अगर लें, तो कहा जा रहा है कि विनेश को फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को वाकओवर दे देना चाहिए था, ताकि कम-से-कम सिल्वर तो मिल जाता। मगर यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि वजन करवाने से पहले खिलाड़ी का मेडिकल भी होता है, जो विनेश करवा चुकी थीं, और वजन ज्यादा पाए जाने के बाद वाकओवर नहीं दिया जा सकता। हां, अगर उनके साथ गए अधिकारी और सहायक स्टाफ इस बात को पहली रात ही भांप लेते, तो शायद अस्वस्थता को कोई पुख्ता कारण दिया जा सकता था। मगर इसके लिए अधिकरियों को बहुत रणनीतिक होना पड़ेगा। खिलाड़ियों को भी ऐसी किसी स्थिति के लिए तैयार करना होगा और यह सिर्फ पहलवानी में ही नहीं, सभी खेलों में करना होगा।

हालांकि, एक दिक्कत यह है कि अपने देश में लोग आमतौर पर गलती से सबक सीखने से कतराते हैं। अक्सर हमारे खिलाड़ी डोपिंग में फंसे हैं, लेकिन हमने कोई पुख्ता कदम नहीं उठाया। ताजा प्रकरण के बाद ही हमें अपने कोच, खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ को अच्छी से अच्छी ट्रेनिंग देनी होगी, साथ ही खिलाड़ियों को भी खेलों के नए नियम बताने होंगे। तौर-तरीका और अनुशासन सिखाना होगा। पेरिस में ही एक खिलाड़ी अपनी बहन को अपने कार्ड से ओलंपिक खेल गांव में भेजती हुई पकड़ी गईं। गनीमत है कि पुलिस ने बहन को छोड़ दिया और खिलाड़ी को वापस भारत भी भेज दिया गया है। मगर विदेश में होने वाला यह घोर अपराध है और शर्मनाक भी।

ऐसा नहीं है कि ये सबक सिर्फ ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ी सीखें, बल्कि हर उस खिलाड़ी को यह जानना चाहिए, जो किसी भी राष्ट्रीय स्पर्द्धा का हिस्सा बन रहे हैं। भारतीय दलों के साथ जाने वाले अधिकारियों का भी टेस्ट होना चाहिए, जिसे पास करके ही उनको सीमा पार जाने की इजाजत मिलनी चाहिए।

होना यह भी चाहिए कि हर वह अधिकारी, जो किसी खेल-दल के साथ विदेश जाए, वह उस खेल का कम से कम राज्य स्तर पर चैंपियन रहा हो। मुझे याद है, सन् 1978 के बैंकॉक एशियाई गेम्स में भारत की एंजेल मैरी पेंटाथलॉन स्पर्द्धा में हिस्सा ले रही थीं और काफी अच्छा कर रही थीं। मगर एथलेटिक्स महासंघ का एक वरिष्ठ अधिकारी गुस्से में था कि वह इतनी स्पर्द्धाओं में हिस्सा क्यों ले रही हैं असल में, उस अधिकारी को पता ही नहीं था कि पेंटाथलॉन में पांच खेल होते हैं और जब मैरी को मेडल मिला, तो वही अधिकारी सबको बता रहे थे कि खुशी के मारे उनकी आंखों में आंसू आ गए हैं! जब तक ऐसे अधिकारी साथ जाएंगे, भारतीय खेल का भला नहीं होगा।(लेखक वरिष्ठ खेल पत्रकार हैं,ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5459

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | | |
| 5 | | | | 6 | 7 | | 8 |
| | | 9 | 10 | | | | |
| 11 | 12 | | | | | | |
| 13 | | | | | | 14 | |
| | | 15 | | | | | |
| 16 | 17 | | | | 18 | | 19 |
| 20 | | | | | 21 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 26 सितंबर 1923 को इस महान अभिनेता और निर्माता ने जन्म लिया था (5)
5. विवाह के समय वधू को वर को अंगीकार करना (3)
6. 1970 की पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम कथा पर आधारित फिल्म जिसमें राजकुमार-प्रिया राजवंश की जोड़ी थी (4)
9. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
11. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर ललिता पंवार अभिनीत 1970 की सफल फिल्म (6)
13. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा, नीचे की सतह (2)
14. सड़क, मार्ग (2)
15. यहूदियों और मुसलमानों के धर्म शास्त्रों के अनुसार मनुष्य आदि का प्रजापति (3)
16. यह अभिनेत्री 2000 की मिस यूनिवर्स थी (4)
18. पराया, गैर आदमी (3)
20. कपि, दोहे का एक भेद (3)
21. रचित होना, क्रियान्वयन होना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. देवकी के बेटे होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम (5)
2. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (2)
3. आवागमन (4)
4. खटाई के योग से जमाया हुआ दूध (2)
7. गति, चाल (3)
8. यह भारत का 28 वां राज्य है जिसकी स्थापना 15 नवंबर 2000 को हुई थी (4)
10. यह एक संस्कृत नाटक है (5)
12. अवस्था, दशा (2)
14. कारोबार, तिजारत, व्यवसाय (4)
15. प्रतिष्ठा, मान, इज्जत (3)
16. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
17. जंघा, जांघ (2)
18. पीछे (अंग्रेजी) (2)
19. विविध, अनेक प्रकार के (2)

### वर्ग पहेली 5458 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | दी | व | | ए | शि | या |
| ल | ल | न | | अ | क | रा | |
| वा | क | | त | मा | चा | | वि |
| | ना | त | | न | द | | य |
| त | | ह | | त | र | स | ना |
| ब | ह | री | न | | मै | ल | |
| ला | म | | फा | | ली | मा | |
| | ल | क्ष्य | | ह | सी | न | |

# लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति से सीधे क्यों भिड़ने लग गया है विपक्ष

(नीरज कुमार दुबे)

वर्तमान लोकसभा में एक बात यह अच्छी नजर आ रही है कि सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी खूब सक्रिय नजर आ रहा है। पिछली दो लोकसभा में चूंकि औपचारिक रूप से कोई नेता प्रतिपक्ष ही नहीं था इसलिए विपक्ष प्रभावी भूमिका में नहीं दिख रहा था।

संसद का मॉनसून सत्र इस बात के लिए खासतौर पर याद किया जायेगा कि इस दौरान कई बार ऐसा देखने को मिला कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ से विपक्षी सदस्यों ने जानबूझकर उलझने का प्रयास किया। दोनों सदनों के सभापतियों पर विपक्ष ने तमाम तरह के आक्षेप लगाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाये। संभवतः ऐसा इसलिए किया गया ताकि आसन की निष्पक्षता को संदेह के कठघरे में खड़ा किया जा सके। खास बात यह है कि विपक्षी सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ लेते समय संविधान की प्रति हाथ में ले रखी थी लेकिन उसी संविधान के नियमों से बनी सदन के संचालन की नियम पुस्तिका में लिखे निर्देशों का पालन करने में वह कोताही बरतते हैं। ताजा मामला समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन का है जिन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को नाहक ही विवाद में घसीटा कर गलत परम्परा कायम की। इस बार के सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही पर गौर करेंगे तो ऐसा लगेगा कि सरकार को छोड़ कर विपक्ष अब लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति से सीधे भिड़ते रहने की रणनीति पर चल रहा है।

इसके अलावा, इस बार यह भी देखने को मिला कि विभिन्न विधेयकों पर चर्चा के दौरान एक दूसरे पर हमला कर रहे पक्ष-विपक्ष के नेता मूल मुद्दों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे थे। नेताओं के संबोधनों में सुर्खियों में आने लायक और उनके भाषणों को वायरल बनाने लायक सामग्री तो थी लेकिन देश की वर्तमान समस्याओं का हल सुझाने या भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाले सुझावों का नितांत अभाव था। देखा जाये तो संसद की कार्यवाही के संचालन पर देश का करोड़ों रुपया खर्च होता है इसलिए सांसदों को चाहिए कि वह सिर्फ अपने राजनीतिक प्रभुत्व को बढ़ाने पर ध्यान देने की बजाय जनहित के मुद्दों को उठाने और जनता की समस्याओं का हल निकलवाने को प्राथमिकता दें।

हालांकि वर्तमान लोकसभा में एक बात यह अच्छी नजर आ रही है कि सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी खूब सक्रिय नजर आ रहा है। पिछली दो लोकसभा में चूंकि औपचारिक रूप से कोई नेता प्रतिपक्ष ही नहीं था इसलिए विपक्ष प्रभावी भूमिका में नहीं दिख रहा था। उस समय संसद में बिना बहस के ही कई अहम विधेयक पारित हो जा रहे थे। लेकिन अब लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद से राहुल गांधी जिस तरह जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा रहे हैं उससे सरकार अपने मन मुताबिक काम नहीं कर पा रही है। वैसे यह अच्छी बात है कि अब जिन विधेयकों पर आम राय नहीं बन रही है उन्हें संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछली लोकसभा में ऐसा देखने को नहीं मिलता था।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आप नौकरी के साथ छोटे मोटे पार्ट टाईम कारोबार के लिए भी समय निकाल पाएंगे। आपके लिए महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए कोशिश करते रहें। काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से मुक्ति मिलगी और सफलता के मार्ग पर आप आगे बढ़ेंगे।

### वृषभ

आज करियर में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके जीवन स्तर में सुधार होगा और परिवार के साथ वीकेंड का मजा लेने के लिए आप शॉपिंग पर जाएंगे। आपको इस दौरान फालतू खर्च से बचने की सलाह है। जरूरत का ही सामान खरीदें।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य भी आपका साथ देगा। अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे और आपके लिए दिन उपलब्धियों से भरा होगा। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। प्रगति की गति को स्थायी बनाए रखेंगे तो आपको धन की कमी नहीं होगी।

### कर्क

आज दिन सामान्य बीतेगा और परिवार में किसी की चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। आपको नए स्थान पर जाकर कुछ नया काम करने के बारे में सोचना चाहिए।

### सिंह

आज आर्थिक मामलों में दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपको कारोबार की चिंता परेशान करेगी और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। पिछले काफी दिनों से आपका कारोबार नियमित नहीं है और उसमें आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप यदि नौकरी व्यवसाय के क्षेत्र में आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य छोड़कर फिर से मेहनत करने में जुट जाना होगा।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आप जो भी काम मेहनत से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद आपको कुछ नया हासिल होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### तुला

आज करियर को लेकर अकारण ही चिंतित रहेंगे और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। कुछ परेशानियां बिना वजह के आपके सामने आकर खड़ी हो सकती हैं। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें। कोई आपके पीठ पीछे साजिश कर सकता है।

### वृश्चिक

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको अकस्मात मंगलमय मिलने से हर्ष होगा और कारोबार में योजनाएं सफल होने से मन आनंदित रहेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। नवीन योजना सफल होंगी और आप कारोबार में कुछ नए तौर तरीकों को आजमा सकते हैं।

### धनु

आज लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपका रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा और इसको पाने के लिए आपको काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात के वक्त मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मौका मिलेगा।

### मकर

आज आपके सम्मान में वृद्धि का दिन है। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों के साथ वक्त बिताएंगे तो आपका मन हल्का होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपको फालतू खर्च से बचने की सलाह है। अपने काम पर ध्यान दें।

### कुंभ

आज भाग्य साथ दे रहा है। आपको लाभ होगा और मन प्रसन्नता में बीतेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। आपकी किस्मत साथ देगी और दिन आनंद में बीतेगा।

### मीन

आज लाभ होगा और आपका दिन उन्नति से भरा होगा। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे और किस्मत साथ देगी। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता और गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न द्यभूलें।

## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुस आए लुटेरे, बुजुर्ग ने किया लूट का विरोध तो बदमाशों ने उतार दिया मौत के घाट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जैतपुर में लूटने आए बदमाशों का विरोध करने पर बुजुर्ग की हत्या कर दी गई. घटना मीठापुर थाना क्षेत्र की है. घर में लूट के इरादे से बदमाश घुसे थे जिसके बाद बुजुर्ग ने बदमाशों का विरोध किया. इसके बाद लुटेरों ने चाकू घोंप कर बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया. मृतक बुजुर्ग की पहचान 63 साल के दयाराम यादव के रूप में हुई है. मृतक दिल्ली के ओखला औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में सुपरवाइजर का काम करते थे. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है. दयाराम पर चाकू से हमला किए जाने के बाद परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना के बाद मीठापुर इलाके में सनसनी फैल गई. लोग पुलिस की कार्य शैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं क्योंकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर दिल्ली में पुलिस हाई अलर्ट पर है. हत्या की इस वारदात के बाद लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में कभी पुलिस की पेट्रोलिंग नहीं होती है. वहीं इस घटना की जानकारी देते हुए एडिशनल डीसीपी ने बताया कि चोरी के इरादे से दयाराम यादव के घर में कुछ बदमाश घुसे थे और इस दौरान जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उनको चाकू मार दिया जिससे उनकी मौत हो गई. उन्होंने कहा कि पुलिस की चार-पांच टीम इस मामले को सुलझाने के लिए लगाई गई है. हम जल्द बदमाशों तक पहुंचेंगे और उन्हें गिरफ्तार करेंगे।

### बारिश की पानी से भरे प्लॉट में डूबने से दो लड़कों की मौत, अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में एक प्लॉट में बारिश का पानी भर जाने की वजह से उसमें डूबने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई. अब इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने रोहिणी के प्रेम नगर में बारिश के पानी से भरे एक खाली सरकारी भूखंड में दो नाबालिगों के डूबने के मामले में ये केस दर्ज किया है. बता दें कि दिल्ली में शुक्रवार शाम की बारिश के बाद प्रेम नगर के रानी खेड़ा गांव में खाली प्लॉट में जमा बारिश के पानी में 17 साल के दो नाबालिग लड़के मयंक और दिव्यांश डूब गए थे. पुलिस ने कहा कि लड़के नहाने गए थे लेकिन परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे प्लॉट पर क्रिकेट खेलने गए थे. एक वरिष्ट पुलिस अधिकारी ने कहा कि शुरुआती तौर पर ऐसा लगता है कि दोनों लड़के पानी में नहाने गये थे. उन्होंने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. पीड़ित के परिवार के सदस्यों और अन्य निवासियों ने कहा कि यह प्लॉट पिछले कई सालों से खाली था और बारिश के दौरान अक्सर इसके कई हिस्सों में पानी भर जाता था. एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, यह हमेशा की समस्या है, जो हर साल मानसून के मौसम में होती है. जल जमाव के संबंध में अधिकारियों को कई शिकायतें दी गई हैं, लेकिन कभी कुछ नहीं किया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन थी जो कई साल पहले दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) को दी गई थी. डीडीए ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, घटना दुखद और दर्दनाक है और हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं. जिस खाली जमीन पर यह घटना हुई, वह डीएसआईआईडीसी के कब्जे में है, जो साल 2007 में सौंपी गई थी. मयंक और दिव्यांश सरकारी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ते थे।

### परेड रिहर्सल के कारण नोएडा से दिल्ली जाने में वाले इन वाहनों पर रोक, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से लाल किले या रिहर्सल क्षेत्र के आसपास के रास्तों की ओर नहीं जाने की अपील की है। ट्रैफिक पुलिस ने चालकों को वैकल्पिक मार्गों का सुझाव देते हुए कहा है कि चिल्ला बॉर्डर, कालिंदी कुंज और डीएनडी पर डायवर्जन लागू होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर होने वाले ध्वजारोहण समारोह के रिहर्सल को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। इसके तहत सोमवार रात 10 बजे से मंगलवार को रिहर्सल समाप्त होने तक और 14 अगस्त की रात 10 बजे से 15 अगस्त को ध्वजारोहण कार्यक्रम खत्म होने तक मालवाहक (भारी, मध्यम व हल्के) वाहन नोएडा से दिल्ली नहीं जा सकेंगे। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से लाल किले या रिहर्सल क्षेत्र के आसपास के रास्तों की ओर नहीं जाने की अपील की है। ट्रैफिक पुलिस ने चालकों को वैकल्पिक मार्गों का सुझाव देते हुए कहा है कि चिल्ला बॉर्डर, कालिंदी कुंज और डीएनडी पर डायवर्जन लागू होगा। चालक नोएडा एक्सप्रेसवे से होकर, यमुना एक्सप्रेसवे व ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगे। दिल्ली में रिहर्सल परेड के कारण पांच दिनों तक दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन चालकों का सफर परेशानियों से भरा हो सकता है। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली से नोएडा आने-जाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि 15 अगस्त पर सुरक्षा को लेकर कोताही नहीं बरती जाएगी।

# व्यापारियों को मिले टैक्स कलेक्टर का दर्जा, राष्ट्रीय स्तर पर बनाया जाए राहत कोष

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में राष्टीय व्यापारी दिवस दिल्ली के आकाशवाणी भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्टीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्टीय अध्यक्ष सुनील सिंधी, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्टीय अध्यक्ष बाबूलाल, महामंत्री मुकंद मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी चंद गुप्ता के साथ राष्टीय पदाधिकारी व विभिन्न प्रदेश अध्यक्ष मंच पर विशेष रूप से उपस्थित थे। राष्टीय व्यापारी दिवस पर 27 प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष व प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

राष्टीय व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं, उद्योगपतियों की समस्याओं, मंडी के आढ़तियों की समस्याओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। धारा 43 ब्ञ को लेकर व्यापारियों में जो पूरे देश में रोष है को तुरंत समाप्त करने की बात कही गई। फूड सेफ्टी एक्ट, मंडी शुल्क और सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा लाभार्थियों को दिए जा रहे राशन की जगह पर उनके अकाउंट में सीधा रुपया जमा करने की बात भी रखी गई। जिससे राशन का दुरुपयोग होने से रोका जा सकेगा और बाजारों में छोटा राशन व्यापारी अपनी दुकानों को अच्छे तरीके से चला सकेगा।

इस दौरान ऑनलाइन व्यापार पर ठोस कदम उठाए जाने की मांग की गई, जिससे छोटा व्यापारी अपनी रोज़ी चला सके। मांग की गई कि व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित




की जाए व व्यापारियों की क्षतिपूर्ति योजना हेतु व बीमा योजना लागू की जाए। जिसके लिए जिला स्तर पर कैंप लगाए जाएं और इसमें सभी छोटे बड़े व्यापारियों को शामिल किया जाए। आगजनी व चोरी होने पर सरकारी खजाने से तुरंत मुआवजा दिया जाए, जिसके लिए व्यापारी राहत कोष की स्थापना हो। व्यापारियों को पेंशन योजना लागू की जाए, किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर व्यापारी क्रेडिट कार्ड लागू किया जाए, व्यापारियों को आर्म लाइसेंस सरल तरीके से दिए जाएं।व्यापारियों ने मांग की कि सरकारी कार्यालय में जिसमें व्यापारियों का लेनदेन पड़ता है वहां पर व्यापारियों को बैठने के लिए व्यापार भवन बनाए जाएं। मुख्य बाजारों के अंदर पार्किंग की व्यवस्था व छ्ष्टञ्जङ्क कैमरे लगाए जाएं। व्यापारियों की बीमा योजना लागू की जाए। कृषि उत्पादक यंत्र और जीवन रक्षक दवाइयां को जीएसटी से मुक्त किया जाए। व्यापारियों को टैक्स कलेक्टर का दर्जा दिया जाए। इन मांगों को सम्मेलन में मुख्य रूप से हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजयलक्ष्मी चंद गुप्ता, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने रखा और एक ज्ञापन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी को सौंपा। इस अवसर पर तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, राजस्थान जैसे अनेक राज्यों से व्यापारी नेताओं ने अपने अपने राज्यो की समस्याएं रखीं। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने अपने भाषण में कहाकि आज देश का व्यापारी सरकार की रीढ़ की हड्डी है और यदि व्यापारी कमजोर रहेगा तो सरकार भी निश्चित तौर पर कमजोर रहेगी। इसलिए केंद्र सरकार ने व्यापारियों को राहत देने और उनकी दुख तकलीफों को दूर करने के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया है जो व्यापारियों और सरकार के बीच में एक सेतु का काम करेगा और व्यापारियों की समस्याओं को हल करने में सहायक सिद्ध होगा। कानपुर से सांसद रमेश अवस्थी ने इस अवसर पर कहा कि जिस देश के अंदर व्यापारियों का मान सम्मान नहीं रहेगा, उस देश के अंदर बांग्लादेश जैसे परिस्थितियां पैदा होगी। अतः केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अपने-अपने क्षेत्र में व्यापारियों को मान सम्मान के साथ देखा जाना चाहिए ना कि चोर और जमाखोर। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से तत्काल प्रभाव से उपरोक्त मागो को स्वीकार करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि आज देश के अंदर मंदिरों के गल्ला व्यापारियों का बुरा हाल है। सभी प्रदेशों के अंदर सरकारी एजेंसियों के माध्यम से अनाजों की बिक्री की जाती है वह खरीदा जाता है, जिससे मंडियों में बैठे आढ़तियों की आढ़त को आधे से भी कम कर दिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि अनाज मंडियों व गला व्यापारियों की आढ़त को 4त्न से 6त्न किया जाए और मंडियों में आने वाले अनाज को सरकारी एजेंसियों की बजाय मंडी के आढ़तियों के माध्यम से ही केवल खरीदा जाए। महामंत्री मुकंद मिश्रा ने देश भर से आए व्यापारियों का आभार प्रकट करते हुए उनका धन्यवाद किया।

## पति-पत्नी करते थे झगड़ा, युवक ने उठाया मौका, नौ साल की मासूम को बनाया हवस का शिकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद इलाके में एक नौ साल की मासूम को पड़ोसी युवक ने हवस का शिकार बनाया।



घर में अकेला पाकर नौ वर्ष की मासूम से दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। फरीदाबाद के खेड़ीपुल थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक ने घर बच्ची को अकेली पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वारदात की शिकार बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेड़ीपुल थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के धर्मपुर गांव निवासी आरोपी दीपक (24) यहां खेड़ीपुल थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है। पास ही 9, 7 व 4 वर्षीय तीन बहने भी रहती हैं। डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर ने बताया कि बच्चियों का पिता शराब का आदी है। वह शराब पीकर अक्सर पत्नी से झगड़ा करता था। इसी बात पर बच्चियों की मां कुछ दिन पहले ही घर छोड़ कर चली गई थी। बच्चियों के घर में अकेले होने का फायदा उठाकर आठ अगस्त की रात आरोपी ने बच्ची को अपने कमरे में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। अगले दिन पड़ोसी महिला को जब इसका पता चला तो वह बच्ची को लेकर बाल कल्याण समिति पहुंची। उसने सारी बात बताई, जिस पर बाल कल्याण समिति के आदेश पर शुक्रवार को खेड़ी पुल थाने में पॉस्को के तहत केस दर्ज हुआ। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार हो गया हुआ था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो माह पहले माता-पिता के यहां रहने आई थी बच्चियां पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले छह महीने से यहां रह रहा था। बच्चियां दो माह पहले परिवार के साथ रहने पहले आई थीं। आरोपी ने मौका देखकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किशोरी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों छोटी बहनों को देखभाल के लिए बड़खल शेल्टर होम में रखवाया है।

## गाजियाबाद में पिंकी चौधरी गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिंदू रक्षा दल के नेता और हिस्ट्रीशीटर पिंकी चौधरी समेत 15 पर मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस पिंकी चौधरी की तलाश कर रही थी। गाजियाबाद में बांग्लादेशी बताकर गुलधर इलाके में खाली मैदान में झुग्गी-झोपड़ी डालकर रह रहे मजदूरों को पीटने के मामले में हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिंकी चौधरी के साथ नाम बादल उर्फ़ हरिओम पुत्र हरभजन सिंह निवासी बसंत कुंज को भी गिरफ्तार किया गया है। हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने हमला बोल दिया था। मजदूरों को बांग्लादेशी बताकर हमलावरों ने उन्हें लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा और उनकी झुग्गियां तोड़ डालीं। इसी दौरान एक झुग्गी में आग भी लग गई। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी और 15-20 अज्ञात के खिलाफ केस तो दर्ज कर लिया था। लेकिन शनिवार दोपहर तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं कर सकी। पिंकी चौधरी के खिलाफ पहले से 16 केस दर्ज हैं और वह साहिबाबाद थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसने पहले धमकी दी थी कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले नहीं रुके तो वह गाजियाबाद में रह रहे बांग्लादेशियों को खदेड़ देगा।

## लोकसभा के नए सांसदों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम, सांसदों ने बताए अपने अनुभव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों को संसदीय नियमों, परंपराओं और उनके अधिकारों सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने के लिए संसद भवन परिसर में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को और समापन शनिवार को हुआ। लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों ने कार्यक्रम को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया।

पश्चिम दिल्ली लोकसभा से चुनाव जीतकर पहली बार संसद में पहुंचीं भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने प्रबोधन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम काफी ज्ञानवर्धक रहा, संसद के नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी मिली। विधेयक से जुड़ी संसदीय प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी मिली, संसद की विभिन्न कमेटियों के गठन, कामकाज और नियमों की जानकारी मिली। सरकार से सवाल पूछने के लिए जीरो ऑवर और प्रश्नकाल के अलावा भी कई अन्य प्रावधानों की जानकारी हुई और नियम 377 सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की भी जानकारी मिली, इससे हमें अगले पांच वर्षों तक अपने संसदीय दायित्वों को निभाने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सांसदों को उनके विशेषाधिकारों की भी जानकारी दी गई। वहीं भाजपा की दिग्गज नेता स्मृति ईरानी को उत्तर प्रदेश के अमेठी से चुनाव हराकर पहली बार लोकसभा में पहुंचे कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भी प्रबोधन कार्यक्रम को लेकर आईएएनएस के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। अमेठी सांसद ने प्रबोधन कार्यक्रम से बहुत ज्यादा फायदा मिलने की



बात कहते हुए कहा कि उन्हें इसमें बहुत सारी जानकारी मिली कि प्रश्नकाल में किस तरह से अपने सवाल पूछने हैं। जीरो ऑवर, 377 और तारांकित प्रश्नों के जरिए किस तरह से सरकार से सवाल पूछा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि वे पहली बार सांसद चुन कर आए हैं और उन्हें बहुत सारी प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं थी। इस कार्यक्रम के जरिए उन्हें संसद की कार्यवाही के नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी मिली। हमें सांसदों के कर्तव्य, अधिकार और विशेषाधिकार की भी जानकारी मिली। दोनों सांसदों ने यह भी कहा कि इससे सदन के अंदर निश्चित तौर पर उनका प्रदर्शन बेहतर होगा और वे अपने क्षेत्र की जनता के लिए ज्यादा से ज्यादा काम कर पाएंगे। आपको बता दें कि, दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवनिर्वाचित सांसदों को सदन के अंदर नियमों और प्रक्रियाओं के तहत शालीनता से ही अपनी बात रखने की नसीहत देते हुए कहा था कि उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि इस 18 वीं लोकसभा में 280 सांसद पहली बार चुन कर आए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए सांसदों के नए विचार पुन-निर्वाचित सदस्यों के बृहद अनुभवों के साथ लोकसभा के कार्य में अधिक गुणवत्ता लाएंगे। उन्होंने सांसदों को प्रोसीज़रल डिवाइस - प्रश्न काल, शून्य काल, कॉलिंग अटेंशन - जैसे संसदीय प्रक्रियाओं का कुशलतापूर्ण उपयोग करने का भी सुझाव दिया था। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन, शनिवार को समापन समारोह में ओम बिरला ने नवनिर्वाचित सांसदों को प्रभावी सांसद बनने के लिए अध्ययन के महत्व के बारे में बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि सांसद सदन के नियमों और प्रक्रियाओं का जितना अधिक अध्ययन करेंगे, वे सदन का उतना ही अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के अलावा वरिष्ठ सांसदों निशिकांत दुबे, जगदंबिका पाल और एनके प्रेमचंद्रन सहित कई अन्य सांसदों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संसदीय नियमों और कामकाज से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नवनिर्वाचित सांसदों को बहुमूल्य जानकारी दी।

## वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम को शामिल करने में हर्ज नहीं, कानून से मुस्लिमों को मिलेगा हक - सैयद जावेद कुतुबी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर दरगाह हजरत कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के चीफ सैयद जावेद कुतुबी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के अंदर सबसे बड़ी बात यह थी कि जो हमारे बुजुर्ग हुआ करते थे, जो अपनी वसीयत के मुताबिक अपनी प्रॉपर्टी को अल्लाह के नाम पर वक्फ करते थे, वक्फ का फायदा उन लोगों को हुआ करता था, जो मजलूम थे। इस पैसे से उनकी मदद की जाती थी। उनके लिए इन पैसों को काम में लिया जाता था।

उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान, मस्जिदें और दरगाहों के निजाम के लिए वक्फ बनाया गया है। उनकी प्रॉपर्टीज से जो इनकम होती थी, उनसे गरीबों के कल्याण के काम होते थे। वक्फ एक्ट में संशोधन पहले ही हो जाना चाहिए था, अब जो इसमें संशोधन हो रहा है, उससे मुस्लिमों को उनका पूरा हक मिलेगा। इससे सिस्टम में पारदर्शिता आएगी। सबसे बड़ी बात कि



महिलाओं के लिए इनके अंदर कुछ बड़े कदम उठाए गए है, जो बेहद जरूरी था। उनके हक को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए संशोधन के जरिए बोर्ड में गैर मुस्लिम को शामिल किए जाने की भी बात हो रही है, जिससे हमें कोई हर्ज नहीं है और दूसरे लोगों को भी हर्ज नहीं होना चाहिए। सन 1972 से हमारा वक्फ के साथ मसला चल रहा है। हमारा कहना है की सूफी संत का दरगाहों से अलग निजाम है और हम चाहते हैं कि इसी तरह से दरगाहों के निजाम को चलाते रहें, लेकिन वक्फ ने हमसे ये हक छीन रखा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बिल के पक्ष में बोलते हुए कहा, इस बिल से किसी भी धार्मिक संस्था की स्वतंत्रता में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। किसी के अधिकार छीनने की बात तो भूल ही जाइए। यह बिल उन लोगों को अधिकार देने के लिए लाया गया है, जिन्हें कभी अधिकार नहीं मिले। विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है। कल रात मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल मेरे पास आए। कई सांसदों ने मुझे बताया कि माफियाओं ने वक्फ बोर्डों पर कब्जा कर लिया है।

कुछ सांसदों ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से इस विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन अपनी राजनीतिक पार्टियों के कारण ऐसा नहीं कह सकते। हमने इस विधेयक पर देश भर में बहुस्तरीय विचार-विमर्श किया है।

## दिल्ली के बाजारों में भी पड़ रहा में बांग्लादेश के सियासी संकट का असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में सियासी संकट लगातार गहराता जा रहा है. इस सियासी संकट के बीच बांग्लादेश के कारोबार पर भी बड़ा असर देखने को मिल रहा है. बांग्लादेश की इकोनॉमी कपड़ा कारोबार पर निर्भर करती है. बांग्लादेश कई बड़े देशों को कपड़े का निर्यात करता है और यह निर्यात लाखों करोड़ों रुपए का है. इनमें भारत भी शामिल है. इस क्रम में बांग्लादेश से भारत का कपड़े का कारोबार हर साल कई लाख करोड़ का है. देश के अलग-अलग राज्यों में बांग्लादेश के रेडीमेड गारमेंट्स की सप्लाई होती है. बांग्लादेश में जिस तरह के हालात हैं, उसका असर अब देश के अलग-अलग गारमेंट मार्केट पर भी गहराता जा रहा है.

बात करें राजधानी दिल्ली की तो दिल्ली की अलग-अलग मार्केट जो कि एशिया की सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट्स की मार्केट में शुमार हैं, उनमें गांधीनगर, रमेश पार्क मार्किट, करोल बाग का टैंक रोड, लाजपत नगर सरोजिनी नगर आदि में बांग्लादेश के रेडीमेड गारमेंट्स का रोजाना करोड़ों रुपये का कारोबार होता है. करोल बाग के टैंक रोड पर रेडीमेड गारमेंट्स का कारोबार करने वाले कारोबारी रमेश आहूजा के मताबिक उनका काफी माल बांग्लादेश से आता है. यहां तक कि मार्केट में हजारों दुकानें हैं और ज्यादातर दुकानदार बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स जैसे शर्ट, जींस, टी-शर्ट का निर्यात करते हैं. फेस्टिवल सीजन चल रहा है और अगले कुछ दिनों बाद और बड़े फेस्टिवल सीजन और शादियों का सीजन भी आएगा लेकिन बांग्लादेश में जिस तरह के हालात हैं, उससे आने वाले दिनों में उनके कारोबार पर भी अच्छा खासा असर पड़ सकता है.

**फेस्टिवल सीजन बर्बाद होने का डर :** वहीं रमेश पार्क मार्केट में रेडीमेड गारमेंट्स का कारोबार करने वाले हरिजन के मुताबिक वह हर 2 महीने में एक बार बांग्लादेश जरूर जाते हैं क्योंकि उनका काफी माल बांग्लादेश से आता है. वह बांग्लादेश से अपना माल मैन्युफैक्चर भी करवाते हैं लेकिन जिस तरह के हालात वहां बने हुए हैं, उनको डर सता रहा है कि वह इन हालातों में कैसे वहां से माल लेकर के आएंगे. इसके चलते आने वाला फेस्टिवल सीजन कई बर्बाद ना हो जाए. गांधीनगर में जींस का कारोबार करने वाले कारोबारी नरेश सिक्का के मताबिक बांग्लादेश में जो सियासी उठा पटक चल रही है, उसका असर बहुत ज्यादा तो नहीं है, लेकिन थोड़ा बहुत जरूर पड़ेगा क्योंकि पिछले कुछ सालों के अंदर बांग्लादेश से कुछ आइटम्स हिंदुस्तान की अलग-अलग मार्केट के अंदर निर्यात हो रहे हैं. साथ ही आने वाले दिनों में सर्दियां आने वाली काफी जैकेट बांग्लादेश से आती है।

## सुपरनोवा में 34वें फ्लोर पर शराब पार्टी कर रहे छात्रों ने आधी रात किया हंगामा, 30 गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार रात पार्टी के दौरान छात्रों ने हंगामा कर दिया। नशे में सोसाइटी के प्ले एरिया में बोतल फेंक दी। पुलिस ने पार्टी स्थल से हुक्का और शराब की बोतलें बरामद की हैं। सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा सोसाइटी की 34वीं मंजिल के फ्लैट में बिना अनुमति के शराब पार्टी कर रहे करीब 30 छात्र-छात्राओं को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार रात पार्टी के दौरान छात्रों ने हंगामा कर दिया। नशे में सोसाइटी के प्ले एरिया में बोतल फेंक दी। पुलिस ने पार्टी स्थल से हुक्का और शराब की बोतलें बरामद की हैं। शनिवार को मामले में 26 छात्रों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। वहीं वंश, तनय, ईश गांधी और तनिष्क को जेल भेज दिया गया है। आयोजकों में शामिल अंकुर फिलहाल फरार है। सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय से बी-कॉम की पढ़ाई कर रहे वंश, तनय और ईश गांधी सुपरनोवा सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रहते हैं। तीनों के सहपाठी अंकुर और तनिष्क ने शुक्रवार को जन्मदिन के मौके पर शराब पार्टी दी थी। पार्टी के लिए हरियाणा से शराब मंगवाई गई थी। शाम ढलते ही शुरू हुई पार्टी में युवाओं के अलावा किशोर और किशोरियां भी शामिल थीं। देर रात नशे में किसी छात्र ने 34वीं मंजिल से प्ले एरिया में बच्चों पर शराब की बोतल फेंक दी। वहां खेल रहे बच्चे घायल होने से बाल-बाल बच



गए।घटना का पता चलते ही सोसाइटी निवासियों ने विरोध शुरू कर दिया।

सोसाइटी में हंगामे की शिकायत पर पहुंची सेक्टर-126 थाना पुलिस ने फ्लैट नंबर-3401 की तलाशी ली। तीन बीएचके फ्लैट में बड़ी संख्या में युवा शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे थे। सुपरनोवा सोसाइटी निवासियों ने पुलिस से पहले केवल शोर मचाने और तेज आवाज में गाने बजाने की शिकायत की थी। शुरू में निवासी सामान्य पार्टी मान रहे थे। शराब की बोतल प्ले एरिया में फेंकने के बाद निवासियों ने डायल-112 पर कॉल कर विरोध शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि पार्टी में शामिल युवक और युवतियां करीब दो घंटे तक तेज संगीत पर डांस करते रहे। बाद में सोसाइटी निवासियों ने पार्टी में ड्रग्स के सेवन का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस इससे इन्कार कर रही है। पार्टी में शामिल होने के लिए छात्रों को भेजे गए व्हाट्सएप मैसेज में एंट्री फीस का जिक्र मिला है। सिंगल के लिए 500 रुपये और कपल के लिए 800 रुपये फीस वसूली गई थी। आमंत्रण संदेश में आयोजकों की ओर से मौज-मस्ती का दावा भी किया गया था। पुलिस मैसेज भेजने वाले की जांच कर रही है। एक ही फ्लैट में 40 लोगों को जाने की अनुमति पर उठाए सवाल - पार्टी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

# पेरिस ओलिंपिक में बिना गोल्ड के भारत का अभियान समाप्त

## मेडल टैली में 71वें स्थान पर रहा, विनेश के मेडल का फैसला 13 अगस्त को

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय रेसलर रीतिका हुड्डा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही शनिवार रात पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। रेसलिंग की विमेंस 76द्मद्द कैटेगरी में उन्हें किर्गिस्तान की आईपेरी मेडेट कायजी ने 1-1 से हराया। रेसलिंग के अलावा, भारतीय गोल्फर अदिति अशोक 29वें स्थान पर रहीं। भारत के लिए विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड में मनु भाकर और सरबजोत सिंह, मेंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वप्निल कुसाले, रेसलिंग में अमन सहरावत और हॉकी को मिलाकर भारत ने 5 ब्रॉन्ज जीता। वहीं स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने सिल्वर दिलवाया। भारत ने कुल 6 मेडल जीते।

भारत को अब भी सातवां मेडल मिल सकता है। अनुभवी रेसलर विनेश फोगाट भी 50 किलोग्राम केटेगरी में कुश्ती के फाइनल में पहुंच गई थीं। उन्होंने भारत के लिए मेडल पक्का कर लिया था, लेकिन फाइनल वाले दिन वह 100 ग्राम ओवरवेट आईं, जिसके चलते उन्हें डिसक्वालिफाई कर दिया गया। अब 13 अगस्त को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स विनेश के मेडल का फैसला करेगी।

**नीरज से गोल्ड की उम्मीद थी** - 11 अगस्त को पेरिस ओलिंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी भी होगी, जिसमें भारत के ध्वजवाहक पीआर श्रीजेश और मनु भाकर शामिल होने वाले हैं। इस बार भारत को ओलिंपिक में कोई गोल्ड मेडल नहीं मिला। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा से इस बार भी गोल्ड की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें भी सिल्वर मेडल मिला।इसके साथ ही यह साफ हो गया है कि भारतीय दल जब पेरिस से लौटेगा तो उसके खाते में 3 साल पहले हुए टोक्यो ओलिंपिक से कम मेडल होंगे।

**71वें नंबर पर रहा भारत** - भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। तब भारतीय दल मेडल टैली में 48वें नंबर पर था। इस बार भारतीय टीम 71वें नंबर पर खिसक गई है। यह नंबर और नीचे जा सकता है क्योंकि 11 अगस्त को 13 मेडल इवेंट होने हैं।

भारत के टोक्यो के मुकाबले पेरिस ओलिंपिक की मेडल टैली में नीचे खिसकने की बड़ी वजह गोल्ड मेडल ना जीत पाना रहा। भारत को सिल्वर मेडल भी एक ही मिला, जो टोक्यो ओलिंपिक के चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जीता। भारत के पांचों मेडल ब्रॉन्ज हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने 3 ब्रॉन्ज मेडल शूटिंग में जीते। एक ब्रॉन्ज मेडल हॉकी और एक कुश्ती में मिला।

**अब भी मिल सकता है 7वां मेडल** - पेरिस ओलिंपिक गेम्स 11 अगस्त को समाप्त हो गया। लेकिन पेरिस गेम्स के बाद भी भारत की मेडल टैली बढ़ सकती है। भारत की रेसलर विनेश फोगाट ने ष्टस्न में सिल्वर मेडल दिए जाने की अपील की है। इस पर मंगलवार को फैसला आएगा। अगर विनेश यह अपील जीतती हैं तो वे सिल्वर मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला रेसलर बन जाएंगी। साथ ही भारत के मेडल की संख्या 7 पहुंच जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो भारत मेडल टैली में 68वें स्थान पर रह सकता है।

टोक्यो में मिला था गोल्ड भारत को पिछले 3 ओलिंपिक में सिर्फ 1 गोल्ड मिला है। नीरज ने जेवलिन में टोक्यो 2020 में गोल्ड दिलवाया था। टोक्यो ओलिंपिक में भारत ने कुल 7 मेडल जीते थे, जिसके बाद भारत 48वें स्थान पर रहा था। रियो 2016 में भारत केवल 2 मेडल जीतकर 67वें रैंक पर था।

### भारत का पिछले 3 ओलिंपिक में परफॉर्मेंस

| ओलिंपिक | रैंक | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| रियो 2016 | 67 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| टोक्यो 2020 | 48 | 1 | 2 | 4 | 7 |
| पेरिस 2024 | 71 | 0 | 1 | 5 | 6 |

### पांच बार की ग्रैमी विजेता गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी

पेरिस ओलिंपिक गेम्स 2024 का आखिरी दिन था। रविवार रात 12ः30 बजे से क्लोजिंग सेरेमनी हुई। कैलिफोर्निया की सिंगर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन परफॉर्म करती दिखेंगी। उनको 2021 में 'आई कांट ब्रीद' के लिए 'सॉन्ग ऑफ द ईयर' का ग्रैमी पुरस्कार मिला था। 'हर' के नाम से मशहूर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन 2028 में लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए 'हैंडओवर' के तहत स्टेड डि फ्रांस में अमेरिका का राष्ट्रगान गाएंगी। 'हर' ने अपने शानदार करियर के दौरान ऑस्कर, एमी और ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। कैलिफोर्निया की 27 वर्षीय गायिका ने 'आई कांट ब्रीद' के लिए 2021 में 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गीत' का ग्रैमी पुरस्कार जीता था। लॉस एंजिलिस 1984 और 1932 के बाद 2028 में तीसरी बार ओलिंपिक की मेजबानी करेगा। यह शहर पहली बार पैरालिंपिक की मेजबानी भी करेगा।

## चोट के साथ पैरिस ओलिम्पिक में खेले नीरज चोपड़ा, अब कराएंगे सर्जरी !



**पैरिस (एजेंसी)।** भारत के भाला फैंक स्टार नीरज चोपड़ा ने ओलिम्पिक में रजत पदक जीतने के बाद अपनी चोट पर बात करते हुए कहा कि अब प्रतिस्पर्धा करने के लिए उन्हें जल्द ही सर्जरी करानी पड़ सकती है। चोपड़ा पैरिस खेलों से पहले एक दर्दनाक एडिक्टर निगल (जांघ की मांसपेशियों से संबंधित समस्या) से जूझ रहे थे। लेकिन उन्होंने इसके बावजूद 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीत लिया। इसके साथ ही वह 2 ओलिम्पिक पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक-एंड-फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने टोक्यो में स्वर्ण जीता था। चोपड़ा पाकिस्तान के अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 92.97 मीटर के ओलिम्पिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता।

बहरहाल, नीरज ने कहा कि मेरे दिमाग में बहुत कुछ है। जब मैं थ्रो करता हूं तो मेरा 60-70 प्रतिशत ध्यान चोट पर होता है। मैं घायल नहीं होना चाहता। जब भी मैं थ्रो करने जाता हूं तो आप देखेंगे कि मेरी गति कितनी कम होती है। डॉक्टर ने मुझे सर्जरी के लिए जाने के लिए कहा था लेकिन मेरे पास विश्व चैम्पियनशिप से पहले या विश्व चैम्पियनशिप के बाद यह निर्णय लेने के लिए इतना समय नहीं था क्योंकि ओलंपिक की तैयारी में बहुत समय लगता है।

उन्होंने हताशा के संकेत के साथ कहा कि मैं अभी भी खुद को आगे बढ़ा रहा हूं। खेल में यह अच्छा नहीं है। इसके साथ आगे बढ़ना अच्छा नहीं है। यदि आप एक लंबा करियर चलाना चाहते हैं तो आपको फिट और स्वस्थ रहना होगा लेकिन ऐसी प्रतियोगिताएं होती हैं जहां आप निर्णय नहीं ले सकते। अब हम इस पर काम करेंगे और तकनीक पर काम करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि फिटनेस के मामले में पिछले 7 साल उनके लिए कितने कठिन रहे। उन्होंने कहा कि मुझे 2017 में यह दर्द महसूस हुआ। मैंने इसका बहुत इलाज करवाया। लेकिन अब मुझे इस पर बड़ा फैसला लेना होगा। मैं अपनी टीम से बात करूंगा और फिर %फैसला लूंगा।

## कीरोन पोलार्ड ने छुड़ाए राशिद खान के पसीने, 5 गेंद पर जड़ दिए 5 छक्के

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड ने द हंड्रेड मेन्स कंप्टिशन 2024 के 24वें मैच में अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर सनसनी मचा दी। पोलार्ड ने ऐसा पहली बार नहीं किया है। 2021 में श्रीलंका के अकिला धनंजय के खिलाफ एक ही ओवर में 6 छक्के जड़ दिए थे। पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की मदद से साउदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट के खिलाफ 100 गेंदों में 127 रनों के मुश्किल लक्ष्य को हासिल कर लिया। 76 गेंदों के बाद साउदर्न ब्रेव का स्कोर 6 विकेट पर 78 रन था। ब्रेव को 20 गेंद पर 49 रन चाहिए थे। राशिद ने पहली 15 गेंदों पर 10 रन देकर 1 विकेट लिए। पोलार्ड ने एक ही ओवर में उनकी कुटाई करके बॉलिंग रिकॉर्ड को खराब कर दिया।

**14 गेंद पर 6 रन बनाकर क्रीज पर थे पोलार्ड** - इस ओवर से पहले वह 14 गेंद पर 6 रन बनाकर क्रीज पर थे पोलार्ड ने पहली दो गेंदों को काउ कॉर्नर और लॉन्ग-ऑफ क्षेत्र के ऊपर से मारा। इसके बाद तीसरी गेंद पर राशिद के सिर के ऊपर से सीधा शॉट मारा। इसके बाद डीप मिड-विकेट पर शॉट लगाया। उन्होंने लॉन्ग-ऑफ पर छक्का लगाकर ओवर को समाप्त किया। अब ब्रेव को 15 गेंदों पर 19 रन चाहिए थे।

**पोलार्ड ने 23 गेंदों पर 45 रन की तेज पारी खेली** -धमाकेदार पारी के कुछ ही समय बाद पोलार्ड आउट हो गए। इसके बावजूद पोलार्ड ने 23 गेंदों पर 45 रन की तेज पारी खेलकर पहले ही मैच का रुख साउदर्न ब्रेव के पक्ष में मोड़ दिया था।

# विवेक बोले-सेमीफाइनल की रात नींद नहीं आई

## बस यही सोचते रहे कि काश और बेहतर कर पाते; ओलिंपिक विजेता का भोपाल में स्वागत

**भोपाल (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारतीय हॉकी टीम भारत लौट आई है। टीम में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे विवेक सागर प्रसाद रविवार सुबह दिल्ली से फ्लाइट द्वारा भोपाल पहुंचे। राजा भोज एयरपोर्ट पर मंत्री विश्वास सारंग और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उन्हें रिसीव किया।

विवेक के स्वागत में पूरा एयरपोर्ट ढोल-नगाड़ों से गूंजता रहा। प्रशंसक उनके नाम के नारे लगा रहे थे। एयरपोर्ट से स्वागत रैली टीटी नगर स्टेडियम पहुंची। उनकी मां कमला देवी, पिता रोहित सागर और भाई विद्यासागर भी साथ रहे।

सेमीफाइनल में हार के बारे में बात करते हुए विवेक ने कहा, उस पूरी रात हमें नींद नहीं आई। बार-बार वही रील चल रही थी। वह सेमीफाइनल हमारे लिए हार्ट ब्रेकिंग था। हम पूरी रात यह सोचते रहे कि काश और अच्छा कर सकते।विवेक ??इटारसी से सटे चांदौन गांव के रहने वाले हैं। वे एमपी पुलिस में डीएसपी हैं।भारतीय हॉकी टीम के सदस्य



विवेक सागर प्रसाद रविवार सुबह भोपाल पहुंचे। राजा भोज एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया।

**श्रीजेश को डेडिकेट किया मेडल** - विवेक भारतीय हॉकी टीम में मिड फील्डर के रूप में खेलते हैं। ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए बहुत खुशी का पल था। हमने बहुत एंजॉय किया। यह श्रीजेश भाई का लास्ट टूर्नामेंट भी था, तो मेडल हमने उन्हीं को डेडिकेट किया है। हार के मलाल पर विवेक ने कहा, एक खिलाड़ी हमेशा चाहता है कि वह अपने देश के लिए अच्छा करे। देश आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी हॉकी खेलते हैं, वह निरंतर प्रयास करते रहें। इससे कभी पीछे न हटें। भारतीय टीम के प्रदर्शन में गोलकीपर पीआर श्रीजेश का अहम रोल रहा है। उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि पेरिस ओलिंपिक उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

**आज सुबह तिरंगा यात्रा में करेंगे शिरकत** - भोपाल के टीटी नगर में कार्यक्रम के बाद विवेक सागर आज रेस्ट करेंगे। वे सोमवार सुबह सुभाष नगर से अशोका गार्डन तक निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ शामिल होंगे।

**राज्य सरकार देगी एक करोड़ का इनाम** - भोपाल पुलिस हेडक्वार्टर में पोस्टेड विवेक सागर प्रसाद को मध्यप्रदेश सरकार 1 करोड़ रुपए का इनाम देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को विवेक से वीडियो कॉल पर बात कर उन्हें और टीम को बधाई दी थी।विवेक दूसरी बार ओलिंपिक में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इससे पहले वे टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भी ब्रॉन्ज जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। भारत ने लगातार दूसरे ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने का रिकॉर्ड 52 साल बाद बनाया है। जीत के बाद विवेक सागर ने सपोर्ट के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# नाकामुरा ने बुलेट में किया शानदार प्रदर्शन

## स्पीड चैस के सेमीफाइनल में फिरोजा से होगी टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारू नाकामुरा ने स्पीड चेस चैंपियनशिप 2024 के सेमी फाइनल में पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी बन गए हैं। शुक्रवार देर रात को क्वार्टरफाइनल में उन्होंने रूस के यान नेपोमनिशी को 14.5-9.5 के स्कोर से हराया। नेपोमनिशी ने पहले सेगमेंट में तीन अंकों की बढ़त हासिल की थी, लेकिन नाकामुरा ने 3+1 मिनट के दूसरे सेगमेंट में स्कोर बराबर कर दिया और फिर बुलेट गेम्स में दबदबा बनाकर मैच जीत लिया। अब पेरिस में होने वाले सेमीफाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन यूएसए के हंस नीमन से और फ्रांस के अलीरेज़ा फिरौजा यूएसए के हिकारु नाकामुरा से 6 सितंबर को खेलेंगे जीत के बाद नाकामुरा नें कहा की मुझे लगता है कि अलीरेज़ा के खिलाफ खेलना वास्तव में रोमांचक होगा क्योंकि, जैसा कि मैंने शायद पहले 10 बार कहा है, वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो मेरी और मैग्नस की तरह बुलेट में एक ही स्तर पर हैं। स्पीड चैस की शुरुआत 27 और 28 जून को क्वालिफायर से हुई थी और यह 8 सितंबर को पहली बार फाइनल के साथ समाप्त होगी, जो पेरिस में लाइव होगा।



# ओलंपिक से सुंदरता के कारण बैन हुई यह एथलीट, इंस्टा, भारी पड़ा है फोटोज डालना

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक नित नए झमेलों के लिए चर्चा में है। महिला बॉक्सिंग में पुरुष को खिलाने के आरोपों, विनेश फोगाट के भार को लेकर हुए विवाद के बाद अब खबर आई है कि एक तैराक को इसलिए वापस देश जाने को कह दिया गया क्योंकि वो हद से ज्यादा सुंदर थीं।





पैराग्वे की 20 साल की तैराक लुआना अलोंसो का ज्यादा सुंदर होना उनके लिए मुश्किल बन गया है। उनको ओलंपिक खेल गांव में कमरा खाली करने कहा गया और ओलंपिक छोड़कर वापस अपने देश लौटने बोल दिया गया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक ओलंपिक में भाग लेने पहुंचे पैराग्वे के ही कुछ खिलाड़ियों ने अधिकारियों से लुआना की सुंदरता को लेकर शिकायत की थी। कहा गया कि उनकी सुंदरता सबका ध्यान भटका रही है।

जांच दाल ने भी उन्हें बेहद खूबसूरत पाया और उनको लगा कि अन्य खिलाड़ियों की शिकायत सही है। ऐसे में लुआना को वापस उनके देश भेज दिया गया है।

दिलचस्प बात यह है कि क्या उनके ही देश के खिलाडियों को पेरिस पहुंचकर ही यह पता चला कि उनकी टीम मेट इतनी अधिक सुंदर है।

हालांकि एक पक्ष यह भी है कि वे अनुशासनहीनता करती पाई गई। यह भी कहा गया कि वह भड़कीले कपड़े पहने रहती थी जिससे उनके साथी एथलीट्स का ध्यान भटकता था। वहीं, मीडिया में सुंदरता के चलते बाहर किए जाने की ख़बरें ही सामने आई।

# भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में मत्था टेका

**अमृतसर (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर देश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी रविवार को सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेकने पहुंचे। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हॉकी खिलाड़ियों को श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का स्वर्ण मॉडल, धार्मिक पुस्तकें और सिरोपा देकर सम्मानित किया।



एडवोकेट धामी ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात है कि जब भी भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के खिलाड़ियों की पूरी भागीदारी हुई है, टीम ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना भी उनमें से एक है। उन्होंने हॉकी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि टीम में शामिल पंजाब के खिलाड़ियों ने लंबे समय के बाद पंजाब की हॉकी से जुड़े इतिहास को दोहराया है। एडवोकेट धामी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें देश की हॉकी टीम में बड़ी संख्या में पंजाबी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में आगे आना चाहिए।

एडवोकेट धामी ने कहा कि सिख संगठन शिरोमणि कमेटी हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती रही है और भविष्य में भी पंजाब और सिखों का गौरव बढ़ाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय हॉकी टीम के लिए खेलने वाले सिद्ध गुरु सिख खिलाड़ी जर्मनप्रीत सिंह का उल्लेख किया और सिख परिवारों से संबंधित खिलाड़ियों को अपनी सिख छवि बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि वह आज टीम के खिलाड़ियों के साथ सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक होकर धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम को यह उपलब्धि गुरु साहिब के आशीर्वाद से ही मिल पाई है और उन्होंने भविष्य में टीम के बेहतर प्रदर्शन की प्रार्थना की। उन्होंने शिरोमणि कमेटी द्वारा मिले मान-सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। श्री हरिमंदर साहिब में धन्यवाद के लिए पहुंचे भारतीय हॉकी टीम के 9 खिलाड़ियों में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, शमशेर सिंह, जुगराज सिंह शामिल थे। इसके अलावा टीम के कोच और खिलाड़ियों के परिवार वाले भी उनके साथ थे।



# सीएएस के एकमात्र मध्यस्थ 13 अगस्त को विनेश फोगाट मामले में फैसला सुनाएंगे

**पेरिस, एजेंसी।** कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) के एड-हॉक डिवीजन ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ विनेश फोगाट की अपील पर अपना फैसला सुनाने के लिए सोल आर्बिट्रेटर को अधिक समय दिया है।

पेरिस ओलंपिक में दूसरे दिन के वेट-इन में 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण महिलाओं की 50 किलोग्राम फ़्रीस्टाइल फ़ाइनल से विनेश को अयोग्य करार दिया गया था। आईओए के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि सीएएस के तदर्थ प्रभाग ने एकमात्र मध्यस्थ माननीय के लिए समय बढ़ा दिया है।

विनेश फोगाट बनाम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी मामले में डॉ. एनाबेले बेनेट 13 अगस्त 2024 को शाम 6ः00 बजे तक फैसला देंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक अधिकारी ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि तर्कसंगत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आईओए एक प्रभावित पक्ष के रूप में मामले का हिस्सा बन गया है। इस मामले में लड़ने वाले पक्षों को यदि वे चाहें तो कोई अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण देने के लिए 11 अगस्त तक का समय दिया गया है।

विनेश ने 50 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले से अयोग्य घोषित किए जाने के फैसले को चुनौती दी है और पेरिस ओलंपिक में युस्नेलिस गुज़मैन लोपेज के साथ साझा रजत पदक से सम्मानित होने के लिए सीएएस का दरवाजा खटखटाया है। पैनल पहले ही पक्षों को सुन चुका है, जिन्हें सुनवाई से पहले अपनी विस्तृत कानूनी दलीलें दाखिल करने और फिर मौखिक दलीलें पेश करने का अवसर दिया गया था।

एकमात्र मध्यस्थ द्वारा यह संकेत दिया गया था कि आदेश का ऑपरेटिव भाग जल्द ही आने की उम्मीद की जा सकती है, उसके बाद पालन करने के कारणों के साथ एक विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा।

# सर्व आदिवासी समाज तथा एकलव्य सेना ने निकाली नगर में रैली

## समाज के उत्थान का लिया संकल्प, आदिवासी बालिका-बालिकाओं ने प्रस्तुत किए नृत्य

**पन्ना।** सर्व आदिवासी समाज तथा एकलव्य सेना के संयुक्त तत्वाधान में आज शुक्रवार दिनांक 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पन्ना शहर में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय डायमण्ड चौराहा प्रारंभ कर नगर में एक बडी विशाल रैली निकली गई। जिसमें जिले भर से आदिवासी समाज के युवक-युवतियों के साथ ही आदिवासी समाज के लोग तथा अन्य समाज के विशिष्टजन समाज सेवी सम्मलित हुए। पैदल तथा वाहनों के साथ निकाली इस यह रैली डायमण्ड चौराहा से प्रारंभ होकर मोहन निवास, पावर हाउस, गांधी चौक, पुरानी कचहेरी, अजयगढ चौरहा, बडा बाजार, गोविन्द जी चौराहा बल्देव चौक से कोतवाली होते हुए बीटीआई मार्ग होते हुए डायमण्ड चौराहा पहुंचकर कार्यक्रम आयोजन स्थल में सम्पन्न हुई। आयोजित रैली के दौरान समाज के युवक -युवतियां अपने पारम्परिक अंदाज में झूमते नजर आए। इस दौरान आदिवासी समाज के महान नायकों बिरसा मुण्डा,



टान्टया भील, बाबा साहब अम्बेडकर के जयकारे गूंजते रहे साथ ही साथ भारत के संविधान के छायचित्र के साथ ही संविधान की मजबूती के लिए रैली में संकल्प व्यक्त किया गया। रैली के साथ आयोजन स्थल डायमण्ड चौराह के समीप सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई इस दौरान सर्वआदिवासी समाज के अध्यक्ष आदिवासी नेता देबू गौड़ तथा एकलव्य सेना अध्यक्ष जयराम यादव, आदिवासी नेता महिपाल सिंह मरावी द्वारा आदिवासी समाज के जल, जंगल, जमीन के अधिकार को लेकर एकजुटता के साथ संघर्ष करने के लिए संकल्प व्यक्त किया गया साथ ही समाज के उत्थान के लिए बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए कोशिश करने की बात की कही गई। कार्यक्रम का सम्पूर्ण आयोजन जनपद पंचायत गुनौर की अध्यक्ष श्रीमती जलसी बाई आदिवासी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। आयोजित कार्यक्रम में माया सिंह सरपंच, लाल सिंह सरपंच जग्गू सिंह सरपंच, जानकी गौड़, समरजीत अज्जू, पहाड सिंह, बसंत गौड़ बबलू यादव ,अभिषेक चौरसिया जीतेन्द्र गौड़, अमर सिंह, नत्थू सिंह यादव, सोनेलाल प्रजापति,अरविन्द यादव, नंदकिशोर अहिरवार, अमित गौड़, रामप्रसाद वर्मा, नेताराम, सूरज खैरवार, मूरत सिंह, बबलू सिंह, नरेश गौड़, बृजेन्द्र सिंह यादव, अंजली यादव, जीतेन्द्र सिंह जाटव, राजेन्द्र असाटी, गजेन्द्र चौधरी, रतन सिंह लोधी, ओम प्रकाश कोंदर, रामनरेश कोंदर, राजकुमार आदिवासी, मुन्ना आदिवासी, आकाश गौड़, हर्ष, रविन्द्र, अंकुल, वीरेन्द्र सिंह, हरीचरण, पूरन सिंह यादव, श्रीमती विमला अहिरवार भूपत सिंह खैरवार आदि ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

आदिवासी समाज की समस्याओ को लेकर सौंपा ज्ञापन

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें वर्षो से काबिज होकर खेती कर रहे आदिवासी समाज के लोगों को जमीन का मालिकाना हक देने, आदिवासियो की जमीन पर प्रभावशाली लोगों द्वारा बलपूर्वक किए गए अतिक्रमण और कब्जे को हटवाकर उन्हें कब्जा दिलाये जाने तथा सुरक्षा दिलाये जाने की मांग की गई है साथ ही साथ ज्ञापन में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रो कल्दा, पठार सहित आदिवासी बस्तियों बसहाटो स्कूलो में शिक्षको के नही होने पर बच्चों को शिक्षित होने से वंचित होने पर नियुक्ति किए जाने की मांग की गई है। एकलव्य सेना के जयराम यादव ने कहा कि यदि आदिवासियों तथा पिछड़े गरीब किसानों को न्याय नहीं मिला तो हम एकजुट होकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ सडक़ पर उतरने के लिए मजबूर होगें।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर पवई में संपन्न हुई भाजपा मण्डल की बैठक

**पवई।** हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर शनिवार को पवई के विश्रामगृह में भारतीय जनता पार्टी मंडल पवई के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का तिरंगा लहरा रहा है,और हम सब का भी कर्तव्य बनता है विश्व के अंदर भारत के बढ़ते कदम को मजबूत करने के लिए अपने तिरंगे झंडे को ऊंचा करें जिससे कि भारत माता के परम वैभव को विश्व के मानस पटल पर स्थापित किया जा सके।तिरंगा हमारी पहचान है और हर भारतवासी का गौरव है। इसे देखकर हर देशवासी के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो जाती है। इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर श्हर घर तिरंगाश् अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास रहेगा कि जिले के प्रत्येक परिवारों तक तिरंगा ध्वज पहुंचे और उसे हर घर पर फहराया जाए। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि अभियान के लिए



पर्याप्त मात्रा में तिरंगे ध्वज उपलब्ध हो सकें, इसकी योजना बनाई जा रही है और आवश्यक होने पर इसके लिए स्व सहायता समूह की बहनों का सहयोग भी लिया जाएगा। घर-घर जाकर तिरंगा वितरण के अलावा शहरी क्षेत्रों में स्टाल लगाकर भी तिरंगे वितरित किए जाएंगे। हर घर तिरंगा अभियान भारत के स्वाभिमान एवं देश की शान तिरंगे को हर घर फहराने की राष्ट्र प्रेम की उस भावना को जागृत करने के इस अभियान में पार्टी ही नहीं बल्कि समाज, देश और प्रदेश की जनता की सहभागिता को भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों एवं जिले की जनता से बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। बैठक में यह बताया कि लगभग एक सप्ताह का यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान में सरकार, समाज के साथ पार्टी संगठन की भूमिका होगी। समाज का हर वर्ग इस अभियान में सहभागिता करे, इसकी चिंता पार्टी कार्यकर्ता करें,हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत तिरंगा यात्राओं और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तथा उन्हें स्मरण करने के साथ होगी। युवा मोर्चा द्वारा 11, 12 व 13 अगस्त को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा।

12, 13, 14 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर माल्यार्पण किया जाएगा।भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्हर घर तिरंगाश् अभियान को जिले के सभी बूथों तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक समितियों का गठन किया गया है।

# पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने बाढ़ पीड़ित गांवों का किया निरीक्षण



**पन्ना।** पवई विधायक प्रहलाद लोधी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं अभी कडना ग्राम में दुखद घटना घटी थी तीन लोगों की हत्या हो गई थी विधायक ने परिवार के प्रति परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है विधायक ने कहा ईश्वर उन्हें दुख सहन करने की शक्ति दे वहीं उन्होंने कहां बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में फसल चौपट हो गई है विधायक प्रहलाद लोधी ने कहा मुख्यमंत्री जी से मैने बात की है मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया है कि जल्द जल्द सर्वे करा कर सबको मुआवजा दिलाया जाएगा सिमरिया के विकास के लिए पवई विधायक ने बताया सिमरिया क्षेत्र को सी एम राइजिंग स्कूल कम वोल्टेज पहले आता था 132 के वी अदानी विद्युत संयंत्र सिमरिया को ब्लॉक बनाने के लिए भी मैंने पहल की है डबल लॉक की भी व्यवस्था की है क्योंकि किसान खाद और भी सुविधाओं से वंचित हो जाता था ऐसी कई सारी योजनाएं हैं जो जल्द से जल्द पूर्ण होगी और लोगों को फायदा मिलेगा।

# रक्षाबंधन एव श्रावण उत्सव लाड़ली बहनों के लिए आभार एवं सह उपहार हुआ कार्यक्रम

**अमानगंज।** आज नगर परिषद अमानगंज में मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा रक्षाबंधन एवं सावन उत्सव लाडली बहनों के लिए आभार सह उपहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शामिल हुए भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष पन्ना प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री मति सरिका शारदा खटीक, राम लाल लखेरा, वरिष्ठ नेता लखन लाल तिवारी, ने सर्वप्रथम मां भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, के चित्र पर माल्यार्पण ओर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत सम्मान एवं लाडली बहनों



का सम्मान नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा किया गया नगर परिषद अमानगंज में प्रोजेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी का भाषण सभी लाडली बहनों को दिखाया और सुनवाया गया आज मध्य प्रदेश की सभी लाडली बहनों के खाते में हर माह की तरह 1250 और सावन के माह में ढाई सौ रुपए मुख्यमंत्री जी ने एक क्लिक के माध्यम से 1500 की राशि लाडली बहनों के खाते में डाली जैसे ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने क्लिक के माध्यम से राशि ट्रांसफर की लाडली बहनों बहुत प्रसन्नता जाहिर की कार्यक्रम के बाद नगर परिषद् अमानगंज पदस्थ रामकुमार दुबे ए के द्वारा सभी जनता जनार्दन को अपने स्थान पर खड़े होकर शपथ दिलवाई गई की हम राष्ट्रध्वज तिरंगा को अपने घर में लगाएंगे और इसकी सुरक्षा करेंगे और भारत के स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करेंगे आज के कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष अमानगंज श्रीमती सारिका शारदा खटीक, लखन लाल तिवारी, रामलाल लखेरा, प्रेम नारायण शर्मा, रामू सोनी, राजदीप गोस्वामी, पत्रकार नीरज रैकवार, अमित दुबे, रविन्द्र शर्मा, राजेश के तिवारी, आलोक मोदी, शारदा खटीक, बउव अंकित सोनी, इंजिनियर इलियास खान, एवं समस्त नगर परिषद अमानगंज के कर्मचारी पत्रकार बंधु, जनता जनार्दन लाडली बहने और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# केन घड़ियाल अभ्यारण्य के ईको संसेटिव जोनल मास्टर प्लान के अनुमोदन के लिए हुई बैठक

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के प्रशासनिक इकाई केन घड़ियाल अभयारण्य का शासन निर्देशानुसार ईको सेंसिटिव जोन का जोनल मास्टर प्लान तैयार किया जाना था, जिसके अनुमोदन के लिए गत 8 अगस्त को सागर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय के सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तत्वावधान में यह कार्य किया गया। इस कार्य हेतु शासन की ओर से मेहता एण्ड एसोसियेट एल.एल.पी. को अधिकृत किया गया था, जिन्होंने अपने विस्तृत प्रस्तुतीकरण द्वारा इस क्षेत्र के संरक्षण एवं संवहनीय विकास के आधार पर तैयार कर प्लान की जानकारी दी, जिसे



अनुमोदित किया गया तथा उक्त प्लान को अंतिम अनुमोदन हेतु शासन को भेजा जायेगा। बैठक में सागर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत समेत मुख्य वन संरक्षक छतरपुर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, अधीक्षक केन घड़ियाल अभ्यारण्य, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनगर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कल्दा पहाड़ सुदूर क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य जहां परिवार के गुजारे को पलायन होता था अब घर में ही महिलाओं की होने लगी आय

**पन्ना।** जिले में नवाचार के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की सोच के चलते जिले के अंतिम छोर कल्दा पहाड़ में जहां आदिवासी बाहुल्य समाज की महिलायें वहीं जो अपने जीवन यापन परिवार के भरण पोषण को लेकर काम की तलाश में महानगरों की ओर जाते थे ऐसे परिवारों को उनके घर में ही रोजगार की दिशा तय की गई। मुर्गी पालन के क्षेत्र में जहां एक नई दिशा कंपनी से ही एग्रीमेंट तय करते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के प्रयासों से महिलाओं को मुर्गे के चूजे उनके जीवन को सहेजते हुये निश्चित रूप में कुछ दिनों में मुर्गा बन जाता है जो वह कंपनी स्वयं ही महिलाओं से बजन के आधार पर मुर्गे को क्रय कर लेती है। समूह के साथ महिलायें इस पर कार्य करने को लेकर जहां घर में ही सैडों की सुविधा से मुर्गे के जीवन को सुरक्षा व सहेजने का पालन पोषण करती है। जिससे उनके परिवार का पालन पोषण भी आसान हो गया। क्योंकि जहां काम की तलाश में अपने परिवार के गुजारे के लिये महिलायें बच्चों के साथ महानगरों की ओर जाती थी कई बार अनहोनी व हादसों का शिकार भी परिवार में असमायिक घटनाओं के चलते घटित हो जाती थी। अब महिलाओं को घर बैठे ही यह कार्य शासन की सहायता से जो स्वयं मुर्गे के जीवन को सहेज कर उसे बड़ा करने का रूप देते हुये व्यवसाय की दिशा तय हुई आज सफलता के मुकाम पर लगभग 35 महिलायें जिनकी प्रति महिला की आय अनुमानित 7 हजार से 8 हजार तक मानी जा रही है। यानिकी महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलायें आर्थिक रूप से स्वालंबन के सहारे स्वयं ही आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से परिवार में महिलाओं का सम्मान स्वमेव तय होने लगा। वहीं रक्षाबंधन पर्व के पूर्व हमारे जिले में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय की सोच के चलते आज यह महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुद्धढ होने की दिशा जो तय हुई है वह निश्चित ही आत्मनिर्भरता आर्थिक क्षेत्र में 35 परिवारों में महिलाओं की आर्थिक समृद्धता से महिला सशक्तिरकण की दिशा स्वयं ही साबित कर रही है। परिवार में महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरने से परिवारों का गुजारा खुशी के पल के रूप में अब जाना जा रहा है।

# 2.74 लाख की बकरियों से लोड ट्रक जब्त, चालक समेत 3 बंदी

**सतना।** कोठी पुलिस ने भेड़-बकरियों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक जब्त कर 3 आरोपियों को पकड़ लिया है, जिनके खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत ने बताया कि बुधवार रात को मुखबिर से मिली सूचना पर थाडी-पाथर के पास नाकाबंदी कर ट्रक क्रमांक एमएच 31 एफसी 8433 को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें 137 भेड़-बकरियां लोड मिली, जिनकी कीमत 2 लाख 74 हजार रुपए निकाली गई, लेकिन पूछताछ में चालक शिवा पुत्र राजकुमार कुशवाहा 25 वर्ष, निवासी श्यामनगर और उसके साथी हंसराज पुत्र देवा कोल 35 वर्ष, निवासी लालपुर, थाना नागौद एवं रोहित पुत्र पन्नेलाल पटेरिया 26 वर्ष, निवासी मझगवां, कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

ऐसे में आरोपियों को हिरासत में लेते हुए भेड़-बकरियों समेत 10 लाख का ट्रक भी जब्त किया गया।

आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1) घ और मोटरयान अधिनियम की धारा 66/192ए के तहत कायमी की गई है। भेड़-बकरियों को सतना से उत्तर प्रदेश की तरफ ले जाया जा रहा था।

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 12 अगस्त को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा सोमवार, 12 अगस्त को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

# गंज में धूमधाम से मनाया गया नागपंचमी महोत्सव



**सलेहा।** क्षेत्रीय युवा नागवंशी संगठन के तत्वाधान में ग्राम गंज में नागपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय युवा नागवंशी संगठन द्वारा भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया।जिसमे भारी संख्या में वाहन रैली पटना तमोली से नयागांव ,कटरा ,सलेहा से गंज पहुँची ,जगह जगह रैली का स्वागत किया गया ।वाहन रैली का समापन कार्यक्रम स्थल बजरंग बली प्रांगण ग्राम गंज में हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम नागदेवता और नागबेल पूजन से हुआ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रेरणादायक गीत, नृत्य, नाटक, कहानी, प्रहसन का आयोजन हुआ। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति बहुत ही मनोहारी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही खेलकूद में भी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में उपस्थित इसमें वक्ताओं ने नागपंचमी एवं नाग सभ्यता पर विशेष प्रकार डाला और बताया कि आज जरूरत है हमें आपस में एकजुट होकर आपसी भाईचारा सामाजिक और पारस्परिक सौहार्द की जो आज देश की शांति के लिए अत्यंत आवश्यक है और जहां शांति होती है विकास वही होता है। कार्यक्रम में सम्मिलत सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया साथ ही क्षेत्र के कक्षा 10वी, 12वी के प्रतिभा शाली छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी को भंडारे के रूप में प्रसाद वितरण किया गया।

हजारों लोगों की उपस्थित रही। युवा नागवंशी संगठन के अध्यक्ष विक्रांत चौरसिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# तिरंगा हमारी पहचान और हर भारतवासी का गौरव है : बृजेंद्र

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय आयोजित की गई पत्रकार वार्ता

**पन्ना।** हर घर तिरंगा घर- घर तिरंगा अभियान को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ज़िलाअध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का तिरंगा लहरा रहा है, और हम सब का भी कर्तव्य बनता है विश्व के अंदर भारत के बढ़ते कदम को मजबूत करने के लिए अपने तिरंगे झंडे को ऊंचा करें जिससे कि भारत माता के परम वैभव को विश्व के मानस पटल पर स्थापित किया जा सके। श्री मिश्रा ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान है और हर भारतवासी का गौरव है। इसे देखकर हर देशवासी के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो जाती है। इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर श्हर घर तिरंगाश् अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास रहेगा कि जिले के प्रत्येक परिवारों तक तिरंगा ध्वज पहुंचे और उसे हर घर पर फहराया जाए।

श्री मिश्रा ने बताया कि अभियान के लिए पर्याप्त मात्रा में तिरंगे ध्वज उपलब्ध हो सकें, इसकी योजना बनाई जा रही है और आवश्यक होने पर इसके लिए स्व सहायता समूह की बहनों का सहयोग भी लिया जाएगा। घर-घर जाकर तिरंगा वितरण के अलावा शहरी क्षेत्रों में स्टाल लगाकर भी तिरंगे वितरित किए जाएंगे। हर घर तिरंगा अभियान भारत के स्वाभिमान एवं देश की शान तिरंगे को हर घर फहराने की राष्ट्र प्रेम की उस भावना को जागृत



करने के इस अभियान में पार्टी ही नहीं बल्कि समाज, देश और प्रदेश की जनता की सहभागिता को भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों एवं जिले की जनता से बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि लगभग एक सप्ताह का यह अभियान 11 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान में सरकार, समाज के साथ पार्टी संगठन की भूमिका होगी। समाज का हर वर्ग इस अभियान में सहभागिता करे, इसकी चिंता पार्टी कार्यकर्ता करेंगे। श्री मिश्रा ने बताया की हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत तिरंगा यात्राओं और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तथा उन्हें स्मरण करने के साथ होगी। युवा मोर्चा द्वारा 11, 12 व 13 अगस्त को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। 12, 13, 14 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर माल्यार्पण किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्हर घर तिरंगाश् अभियान को जिले के सभी बूथों तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक मंडल स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पार्टी के सांसद, विधायक, जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच एवं समस्त जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। पत्रकारवता मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष से बृजेंद्र मिश्रा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री आशीष तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे जिला मंत्री श्री कमल लालवानी उपस्थित थे।

इस अभियान के दौरान 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। देश के विभाजन की विभीषिका में करीब 1.5 करोड़ परिवार विस्थापित हुए, लगभग 6 लाख लोग मारे गए। 1 लाख से अधिक महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाएं हुई, लेकिन ये काला अध्याय अधिकांश युवाओं की जानकारी में नहीं है। विभाजन की त्रासदी से देशवासियों को अवगत कराने तथा इसके लिए जिम्मेदार विघटनकारी ताकतों के प्रति देश को सतर्क करने के उद्देश्य से 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर प्रदर्शनियों, गोष्ठियों तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 12 अगस्त 2024




मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 12 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में ''महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम'' आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में नगर पालिक निगम रीवा के पार्षदगण शामिल होने के लिए आज रवाना हुए।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत गतिविधियों का आयोजन जारी




**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला एवं ग्रामीण स्तर पर विभिन्न गतिवधियों का आयोजन 9 अगस्त से आरंभ हो गया है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, रैली, दौड़ एवं मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत 13 अगस्त तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म में तिरंगे की डीपी लगाना, तिरंगा झंडा फहराना, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन करना, स्थानीय भाषाओं में तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन, तिरंगा गान फिल्म का प्रदर्शन, तिरंगा प्रदर्शनी, वीरों और स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों को तिरंगा श्रद्धांजलि, तिरंगा प्रतिज्ञा की सेल्फी तथा तिरंगा मेला में स्वसहायता समूह एवं स्थानीय कारीगरों व व्यापारियों की भागीदारी से तिरंगा सामग्री का विक्रय/वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार 12 एवं 13 अगस्त को बाइक/साइकिल/कार रैली, एसएमएस द्वारा झण्डा फहराने के लिए लोगों को स्मरण कराने के साथ ही स्थानीय टीवी चैनल के लोगो क्लिप बदलवाने का कार्य ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में किया जाएगा। आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराकर तिरंगा की सेल्फी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करने का कार्य हर घर तिरंगा अभियान के तहत होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के तहत रानी दुर्गावती एवं रानी अहिल्याबाई के सांस्कृतिक एकता के योगदानों का वर्णन करते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं व पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी इस दौरान कराया जाए।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**रीवा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आगामी 13 अगस्त को चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया है। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केन्द्रीय संचार व्यूरो के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रात-11 बजे होगा साथ ही तिरंगा यात्रा की भी शुरूआत होगी। प्रदर्शनी का समापन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति तथा पुरस्कार वितरण 14 अगस्त को प्रात- 11 बजे से किया जायेगा। इस दौरान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, हर घर तिरंगा तथा एक पेड़ माँ के नाम विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## जिले में अब तक 338.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 11 अगस्त को 9.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 25 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 338.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 409.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 203.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 564 मिलीमीटर, सिरमौर में 362.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 193.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 259 मिलीमीटर, मनगवां में 470 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 248 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## नशामुक्त अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम आज

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल नशामुक्त अभियान के कार्यक्रम में होंगे शामिल

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

रीवा

नशामुक्त अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम आज 12 अगस्त को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रात- 9 बजे से आयोजित कार्यक्रम में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जायेगी। तदुपरांत नशामुक्त रैली कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई मार्तण्ड क्रमांक-3 के ग्राउंड में समाप्त होगी। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है।

कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, समस्त विधायकगण, नगर निगम के महापौर, अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल सहित विभागीय अधिकारी, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि तथा युवाओं की उपस्थिति रहेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने कार्यक्रम में आमजनों से भी उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## परिवहन विभाग ने मनाया हर घर तिरंगा अभियान

रीवा

परिवहन विभाग रीवा ने मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार पूरे प्रदेश में मनाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज रीवा आर टी ओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा, आरटीओ चेक पॉइंट क्रमांक 01 रीवा मिर्ज़ापुर मार्ग एवं आरटीओ चेक पॉइंट क्रमांक 02 रीवा प्रयागराज मार्ग ने हर घर तिरंगा अभियान का क्रियान्वयन किया।जिसमें परिवहन कार्यालय रीवा सहित,रीवारेलवे स्टेशन , पुराना बस स्टैंड , नगर बस एवं सूत्र सेवा के कार्यालय के साथ ही नया बस स्टैंड एवं सिरमौर चौक रीवा पर किया गया। हर घर तिरंगा अभियान में बस ऑटो,टैक्सी अंतर्राज्यीय बसों पर भारतीय तिरंगा फहराने के साथ ही राष्ट्र गान का गायन कर भारत माता की जय के नारे का उद्घोष भी किया गया, इसके अलावा यात्री वाहनों पर पोस्टर, स्टीकर, एवं छोटे झंडे लगाने के साथ ही यात्रियों एवं चालकों को छोटे छोटे तिरंगे भी प्रदाय किए गए।सभी यात्रियों और उपस्थित लोगो को अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित भी किया गया।हर घर तिरंगा अभियान में तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फ़ी, तिरंगा सम्मान का आयोजन किया गया।

## कमिश्नर आज करेंगे रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की समीक्षा

**रीवा।** रीवा में अक्टूबर माह में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रीवा और शहडोल संभाग में औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन के प्रयासों पर विचार मंथन किया जाएगा। कमिश्नर बीएस जामोद 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कटे-फटे होठ का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन, जाँच के लिए शिविर आज

**रीवा।** कटे-फटे होठ एवं जन्मजात विकृति से ग्रस्त बच्चों को निश्शुल्क ऑपरेशन की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए निश्शुल्क जाँच एवं उपचार शिविर 12 अगस्त को जिला चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में जबलपुर के दुबे सर्जिकल हास्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर बच्चों की जाँच करेंगे। शिविर में कटे-फटे होठ, तालू अथवा अन्य जन्मजात विकृति से ग्रस्त बच्चों का चयन होने पर उन्हें निश्शुल्क ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी। शिविर का लाभ उठाने के लिए मोबाइल नम्बर 9926004216 विष्णु प्रताप सिंह राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से संपर्क किया जा सकता है।

## कमिश्नर आज गूगल मीट से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 12 अगस्त को गूगल मीट के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। गूगल मीट शाम 5 बजे आरंभ होगी। कमिश्नर राजस्व महाअभियान, बाढ़ राहत के उपायों, हर घर तिरंगा अभियान, रक्षाबंधन पर्व, एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा जर्जर भवनों के गिराने की कार्यवाही की समीक्षा करेंगे।

## मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत व्यावसायिक शिक्षण देने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विपत्तिग्रस्त महिलायें जिनके परिवार में कोई नहीं हो, बलात्कार से पीड़ित महिला या बालिका, दुव्यापार से बचाई गयी महिलायें जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो, ऐसिड विक्टिम/दहेज प्रताड़ित/अग्नि पीडित महिलायें, कुआरी मातायें या समाजिक कुप्रथा का शिकार महिलायें, जेल से रिहा महिलायें, परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलायें जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो, आश्रय गृह, बालिका गृह, अनुरक्षण गृह में निवासरत विपत्तिग्रस्त बालिका / महिला जो प्रशिक्षण लेना चाहती हों आवेदन कर सकती हैं। प्रशिक्षण पर होने वाला संपूर्ण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। हितग्राहियों का चयन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण हेतु महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त न हो, सामान्य वर्ग की महिला की उम्र 45 वर्ष से अधिक न हो परित्यक्ता तलाकशुदा / विधवा, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग महिला होने की स्थिति मे 50 वर्ष, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी अनिवार्य होगी। चयनित विपत्तिग्रस्त महिलाओं को संचालनालय महिला एवं बाल विकास द्वारा निर्धारित विभिन्न विषयों पर मान्यता प्राप्त संस्थाओ में प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। आवेदन पत्र प्राप्त करनें एवं अधिक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नवीन कलेक्ट्रेट भवन, प्रथम तल कक्ष कमांक 4 से प्राप्त की जा सकती है।

## हर घर तिरंगा अभियान एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के संबंध में निर्देश

रीवा

हर घर तिरंगा अभियान व श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने सभी विद्यालयों में आयोजनों के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि समस्त संस्थाओं में हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम आयोजित किये जाये, जिसमें निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जाय तथा हर घर तिरंगा अभियान में तिरंगा यात्रा, साइकल रैली, तिरंगा संगीत (देश प्रेम से ओतप्रोत), रंगोली, तिरंगा कैनवास, तिरंगा मेला का आयोजन किया जाय। हर घर तिरंगा अभियान में छात्रों एवं छात्रों के माध्यम से अभिभावकों को प्रत्येक घर में तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित एवं जागरूक किया जाय। हर घर तिरंगा अभियान में सेल्फी एवं फोटो अपलोड कराया जाय। आजादी के पर्व में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के लिये वृक्षारोपण भी करें।

उन्होंने कहा है कि 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम उल्लास पूर्वक मनाया जाय जिसमें मित्रता एवं शिक्षा के महत्व पर छात्रों को बताया जाय, कृष्ण और यशोदा के फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाय। आजादी के पर्व पर रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती, अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा में इनके योगदान एवं अवंतीबाई के योगदान को भी कार्यक्रम में जोड़कर छात्रों को इनके कृतित्व-व्यक्तित्व से अवगत करावें।

## अधिकारी-कर्मचारी विशेष प्रयास कर राजस्व महाअभियान कार्य में प्रगति लाएं : कलेक्टर

### कलेक्टर मऊगंज ने नईगढ़ी पहुंचकर राजस्व महाअभियान की समीक्षा की

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने नईगढ़ी जनपद में राजस्व महाअभियान के संबंध में बैठक ली। उन्होंने राजस्व महाअभियान की समीक्षा बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारी, राजस्व अधिकारियों, रोजगार सहायकों एवं पंचायत सचिवों की बैठक में कहा कि राजस्व महाअभियान को मूर्त रूप देने के लिए समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने नक्शा तरमीम, ई-केवाईसी, नामांतरण जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यदि प्रति पटवारी योजनाबद्ध तरीके से मामले निपटाते हैं तो राजस्व महाअभियान में बेहतर प्रगति आ सकती है। प्रतिदिन 50 से 100 ई-केवाईसी करें। सभी पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आपस में एक टीम भावना के साथ कार्य करें तो राजस्व महा अभियान के परिणाम बहुत अच्छे आएंगे। उन्होंने कहा कि मऊगंज जिले में 148 पटवारी हैं यदि योजना बनाकर पेंडिंग कार्य को पूर्ण करने का टारगेट बनाकर कार्य करें तो परिणाम अनुकूल आएंगे। समीक्षा बैठक दौरान पटवारियों द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक दौरान कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों की ई केवाईसी 31 अगस्त तक शत-प्रतिशत करने को कहा। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी विशेष प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी एवं खसरा लिंकिंग करने के लिए पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक एक साथ कार्य करें। ई केवाईसी, नक्शा तरमीम, नामांतरण के साथ जो प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है इस संबंध की रिपोर्ट समय पर देना है जिससे न्यायालयीन प्रकरणों का निपटारा समय पर हो सके। सभी कर्मचारी कार्यों की सूची मोबाइल के स्थान पर हार्ड कॉपी रखें जिससे कार्य करने में सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने पीएम किसान से संबंधित पेंडिंग कार्यों की जानकारी ली और पेंडिंग कार्यों को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने कार्य प्रणाली में परिवर्तन लायें और कार्य गंभीरता के साथ करें। कलेक्टर कहा कि राजस्व एवं जनपद कर्मचारियों में आप सभी में अनंत शक्तियां छुपी हुई हैं। अपने आप को पहचान कर संकल्प लेकर कार्य करें तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में शहर से लेकर गांव तक चलेगा। स्कूल, कॉलेज पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शहरी नगरीय निकाय के साथ सभी विभाग कार्य करेंगे। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में आज विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 12 अगस्त को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग पीआईयू, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर दोपहर 2 बजे से आयोजित बैठक में जल संसाधन, पीएचई, जल निगम सेतु निगम तथा हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## ननि द्वारा आयोजित किया गया पौधरोपण कार्यक्रम



**रीवा।** शासन के निर्देश पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम तथा रीवा वन विभाग के प्लांट एडोप्सन कैम्पेन के तहत संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11.08.2024 को पौधरोपण किया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सहायक यंत्री श्री बीएस बुन्देला के नेतृत्व में विश्वेश्वरैया पार्क 40 पौधे, गोल क्वाटर्स पीएमएवाई बिछिया में 150 पौधे, विटनरी कालेज में 30 पौधे एवं मूकबधिर विद्यालय में 20 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाये गये। उक्त वृक्षारोपण वन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। सभी वार्डो में पार्षदों द्वारा पौधरोपण का स्थल चिन्हित किया गया है। जहां पर पौधारोपण कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है।

## 13 अगस्त को होगी तिरंगा मैराथन रैली

**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत रीवा के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री के निर्देश के सन्दर्भ में खेलमंत्री की मार्गर्शन में ''हर घरतिरंगा'' कार्यक्रम की श्रखला में तिरंगा मैराथन रैली का आयोजन 13 अगस्त समय दोपहर 03:30 बजे सांसद जनार्दन मिश्र संसदीय क्षेत्र रीवा एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स नीम चौराहा आई.टी.आई. के पास से प्रारंभ किया जाकर सिरमौर चौराहा, से टी.आर.एस. कॉलेज चौराहा के पास विवेकानंद पार्क पर सम्पन्न होगी।

## नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा चलाया गया आरआरआर जन जागरूकता अभियान




**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दिनांक 11.08.2024 को वार्ड क्रमांक 27 नेहरु बस्ती एवं वार्ड क्रमांक 28 धोबिया टंकी के पास थ्री आर जन जागरूकता आभियान संचालित किया गया। आरआरआर केन्द्र का मुख्य उद्देश्य यह है कि जरूरत से ज्यादा जिनके पास किताबे, कपड़े, बर्तन, झोला इत्यादि सामग्री जो भी हो उसको वहा पर दे जाय और जिनको इन वस्तुओं की आवश्यकता है वो वहाँ से ले जाय। नगर निगम के इस सराहनीय कदम में नागरिको ने बढ-चढ़ के हिस्सा लिया है। प्राय: आज हम देखते है कि जो भी हमारे घरों में पुरानी वस्तुएं हैं जिनका हम उपयोग नहीं करते है घरों में पड़ी रहती है या हम उन्हें बाहर फेक देते हैं। नगर निगम के आरआरआर केन्द्र में जो पुरानी बस्तुए नागरिको द्वारा दिया जाता है उसको किसी न किसी जरुरत मंद व्यक्ति को दे दिया जाता है जिससे उसका उपयोग कर सके। नगर निगम रीवा के इस सुनहरे प्रयास से आज लगभग 200 से अधिक लोगों को जरुरत की सामग्री दी गई जो कि सराहनीय कदम है नगर पालिक निगम रीवा द्वारा नागरिकों से अपील किया गया है कि हम सब मिलकर इस अभियान में नगर निगम रीवा का सहयोग करें और ज्यादा से ज्यादा लोगो तक यह लाभ पहुंचाएं। उक्त कार्यक्रम में आईईसी टीम एवं नागरिक उपस्थित रहे।


*स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833*